


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 33 | ग्वालियर, मंगलवार 01 नवम्बर 2022 | पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## केबल ब्रिज दुर्घटना में 12 साल से कम उम्र के 40 बच्चों की मौत



**मोरबी।** मोरबी के मच्छू नदी पर बने केबल ब्रिज को रविवार को अचानक टूटने से महिला और बच्चों समेत 150 जितने लोगों की मौत हो चुकी है इस हादसे में किसी ने अपने माता-पिता, किसी ने भाई-बहन तो किसी ने पत्नी और संतानें गंवा दी हैं मृतकों में 40 बच्चे ऐसे थे, जिनकी आयु 12 साल से भी कम उम्र की थी दुर्घटना में मारे गए 130 से अधिक लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं इस दर्दनाक हादसे में भाजपा सांसद मोहन कुंडारिया के 12 रिश्तेदारों की भी मौत हुई है घटना के 20 घंटे बीतने के बाद भी मच्छू नदी में सर्च ऑपरेशन जारी है सेना, नौसेना, वायुसेना, एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन कर रही हैं गुजरात पुलिस की मरीन टास्क फोर्स भी इस काम लगी हुई है गौरतलब है मोरबी के मच्छू नदी पर केबल ब्रिज का निर्माण 1877 में शुरू हुआ था और इसका उदघाटन 1880 में मुंबई के तत्कालीन गवर्नर रिचर्ड टेम्पल ने किया था7 उस वक्त केबल ब्रिज के निर्माण पर रु. 5 लाख का खर्च हुआ था7 उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित लक्ष्मण झूला की तरह मोरबी का केबल ब्रिज था जहां बड़ी संख्या में लोग आते थे7 140 साल पुराने इस ब्रिज के जर्जर होने के बाद इसे बंद कर दिया गया और इसके मरम्मत और रखरखाव का काम ओरवा ग्रुप को दिया गया था 6 महीने तक ब्रिज बंद रहने के दौरान इसकी मरम्मत पर करीब 2 करोड़ रुपए का खर्च किया गया था7 गुजराती नव वर्ष के अवसर पर गत 26 अक्टूबर को ब्रिज लोगों के लिए खोला गया था बीते दिन रविवार को 100 लोगों की क्षमता वाले इस ब्रिज पर 500 से अधिक लोग जमा हो गए ओवरलोड होने की वजह से ब्रिज अचानक टूट गया और ब्रिज पर मौजूद लोग मच्छू नदी में जा गिरे7 जिसमें जो तैरना जानते थे वह तो किसी प्रकार बाहर आ गए7 कई लोगों ने ब्रिज टूटने के बाद केबल या जाली पकड़ कर अपनी जान बचा ली7 अब तक 150 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग अस्पताल में उपचाराधीन हैं।

### कर्नाटक- भगत सिंह की फांसी की सजा के सीन का रिहर्सल करते समय 12 वर्षीय बच्चे की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में स्वतंत्रता सैनानी भगत सिंह के नाटक के दृश्य का अभ्यास करते समय एक दर्दनाक हादसा हो गया। शनिवार शाम एक 12 वर्षीय लड़के की उस समय मौत हो गई, जब वह अपने घर पर स्कूल में होने वाले एक कार्यक्रम के लिए भगत सिंह को फांसी की सजा के सीन का रिहर्सल कर रहा था। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त बच्चा घर पर अकेला था, उस समय उसके माता-पिता घर पर मौजूद नहीं थे। जब वह लौटे तो उन्होंने बेटे को पंखे से लटका पाया। खबरों के मुताबिक संजय गौड़ा के माता-पिता नागराज और भाग्यलक्ष्मी शहर के केलागोट बडावने इलाके में एक भोजनालय चलाते हैं। बडावने पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर केआर गीताम्मा ने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि सातवीं कक्षा के छात्र के साथ हुई घटना का पता तब चला जब उसकी मां रात करीब 9 बजे होटल से लौटी। घर का दरवाजा अंदर से बंद था, और उन्होंने दरवाजे को देर तक पीटा। जब दरवाजा अंदर से नहीं खुला तो उनके पड़ोसी आ गए। पड़ोसियों ने खिड़की से देखा और लड़के को छत के पंखे से लटका पाया। इसके बाद तुरंत लड़के की मां भाग्यलक्ष्मी ने पति नागराज को फोन किया, जिन्होंने मास्टर चाबी से दरवाजा खोला। वह संजय को अस्पताल ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि लड़के ने रस्सी से फंदा बनाया और भगत सिंह की तरह फांसी देने की कोशिश की।

### फिलीपींस में तूफान नलगे के बाद भीषण बारिश और लैंडस्लाइड, 80 लोगों की मौत, 31 लापता

**मनीला।** फिलीपींस में उष्ण-कटिबंधीय तूफान नलगे के बाद भारी बारिश और बाढ़ की वजह से हुए भूस्खलन की वजह से मौतों का आंकड़ा 47 से बढ़कर 80 हो गया है। राष्ट्रीय आपदा एजेंसी के अनुसार 31 लोगों के लापता होने की सूचना है। करीब 48 लोग घायल हुए हैं। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने आपदा पर दुःख व्यक्त किया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार आधी से ज्यादा मौतें दक्षिणी स्वायत्त क्षेत्र बंगसामोरो में दर्ज की गई हैं, जहां 10 लोगों के लापता होने की सूचना है और करीब 48 लोग घायल हुए हैं। ट्रॉपिकल तूफान नलगे 30 अक्टूबर 2022 को आया था, जिसे फिलीपींस के कुसियोंग गांव के निवासी सुनामी समझ बैठे, जिसके चलते वे पहाड़ की तरफ ऊंचे स्थान की ओर दौड़ पड़े और फिर वहीं जिंदा दफन हो गए। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण बुनियादी ढांचे को 384 मिलियन पेसो (6.62 मिलियन डॉलर) के नुकसान का अनुमान लगाया गया था। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर, सोमवार को राजधानी मनीला के पास कैविटे प्रांत में जलमग्न गांवों का हवाई निरीक्षण करने वाले हैं, उन्होंने विशेष रूप से बंगसामोरो क्षेत्र के मागुइंडानाओ प्रांत में मौतों की संख्या पर दुख व्यक्त किया है। नलगे तूफान, फिलीपींस से टकराने वाला इस साल का दूसरा सबसे घातक चक्रवात है।



## खास खबर

### चीन में कोरोना से फिर हड़कंप, एप्पल फैक्ट्री से दीवारें फांदकर भाग रहे कर्मचारी

**बीजिंग।** चीन में कोविड-19 पर काबू पाने के लिए शहरों में बार-बार लॉकडाउन लगाया जा रहा है। लॉकडाउन की पाबंदियों से चीनी इतने परेशान हैं, कि वे इससे बचने के लिए अपनी जान भी जोखिम में डालने को तैयार हैं। ताजा मामला चीन में स्थित दुनिया की सबसे बड़ी एप्पल फैक्ट्री का है। मध्य चीनी शहर झेंग्झौ में बनी आईफोन फैक्ट्री में कोरोना लॉकडाउन और संक्रमण के डर से घबराए हुए श्रमिक पलायन कर रहे हैं। लॉकडाउन के चलते फैक्ट्री के अंदर न फंसे रह जाएं इस डर से लोग दीवारें फांद कर भाग रहे हैं। चीनी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, आने वाले महीनों में एप्पल के प्रमुख डिवाइस का उत्पादन धीमा हो सकता है। बात दें कि फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप इस प्लांट चलाता है। रविवार को अपने घर वापस जाने के इच्छुक श्रमिकों के लिए बसों की व्यवस्था करने का वादा किया था। लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो क्लिप में देखा जा सकता है कि लोग पैदल ही भाग रहे हैं। खबर ये है कि पाबंदियों से बचने के लिए इस फैक्ट्री के कर्मचारी दिवारें फांदकर भाग रहे हैं। वायरल वीडियो में देख सकते हैं कि एप्पल के कर्मचारी फैक्ट्री की बाउंड्रीबॉल और कटीली फेंसिंग फांदकर वहां से किसी भी तरह निकल रहे हैं। इस दौरान कई लोग घायल भी हुए हैं। वे घायल हालत में वहां से भाग रहे हैं।

### विपक्षी दलों ने लिज ट्रस का फोन हैक किए जाने के दावों की जांच की मांग की

**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस का फोन हैक किए जाने के मामले में विपक्षी दलों ने इस मामले और अखबार को सूचना लीक करने की स्वतंत्र जांच की मांग की है। एक खबर मुताबिक ट्रस के वित्त मंत्री रहते हुए उनका फोन हैक किया गया था और इस बात का पता उस वक्त चला, जब वह कंजर्वेटिव पार्टी की नेता और प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल थीं। अखबार ने दावा किया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और सिविल सेवा के प्रमुख ने सुरक्षा में इस बड़ी चूक को गोपनीय रखा था। अखबार ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से कहा कि रूसी जासूसों पर इस हैकिंग का संदेह है। उसने कहा कि हैकरों ने विदेशी अधिकारियों के साथ यूक्रेन युद्ध के साथ ही ट्रस और एक राजनीतिक सहयोगी क्वासी क्वार्टेंग के बीच निजी बातचीत समेत संवेदनशील सूचनाएं हासिल कर ली थी। ब्रिटेन सरकार के प्रवक्ता ने सुरक्षा व्यवस्था पर टिप्पणी करने से इनकार किया लेकिन कहा कि उनकी साइबर खबरों के खिलाफ सुरक्षा की मजबूत व्यवस्था है।

### हैती में पुलिस ने की पत्रकारों पर फायरिंग, एक पत्रकार की मौत

**हैती।** कैरिबाई देश हैती में पुलिस ने पत्रकारों पर अमानवीय तरीके से एक प्रदर्शन की रिपोर्टिंग करते समय हिरासत में लिए गए अपने सहकर्मी की रिहाई की मांग कर रहे पत्रकारों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की जिसमें रविवार को एक पत्रकार की जान चली गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने यह जानकारी दी है। घटनास्थल पर मौजूद संवाददाताओं ने मृतक पत्रकार की शिनाख्त रोमेलो विलसेंट के रूप में की और बताया कि वह एक ऑनलाइन समाचार साइट के लिए काम करता था। एक स्वतंत्र फोटोग्राफर ने बताया कि उसने पुलिस को गोली चलाते तथा विलसेंट को गोली लगते हुए देखा। हैती की राष्ट्रीय पुलिस के प्रवक्ता गैरी डेस्रोसियर्स ने विलसेंट की गोली लगने से मौत होने की पुष्टि की लेकिन उन्होंने और कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना ने 1 आतंकी घुसपैठियों को ढेर किया

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में भारतीय सेना को बड़ी कामयाबी जब मिली जब उसने पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा घुसपैठ की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। इस अभियान में एक पाकिस्तानी आतंकी मारा गया है। सेना की ओर से ऑपरेशन जारी है। इससे पहले शोपियां जिले के बालापोरा से सुरक्षा बलों ने सोमवार की सुबह 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इन दोनों के पास से हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए थे। दूसरी ओर जम्मू कश्मीर पुलिस ने रविवार को एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया, जिसे यूरोप से संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने जम्मू में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन की मदद से हथियारों और विस्फोटकों की खेप गिराए जाने में शामिल उसके दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। आरएस पुरा में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के साथ बासपुर बांग्ला क्षेत्र में ड्रोन द्वारा हथियार गिराए जाने की जांच के दौरान डोडा के चंदर बोस और कैंप गोले गुजराल, जम्मू के शमशेर सिंह को पकड़ा गया। अधिकारियों ने बताया कि उनके पास से चार पिस्तौल, आठ मैगजीन और 47 गोलियां बरामद हुई हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने कहा कि पूछताछ के दौरान बोस ने खुलासा किया कि वह सिंह के इशारे पर काम कर रहा था।



## लड़कियों की नीलामी मामले में माफी मांगे राजस्थान सरकार : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राजस्थान के भीलवाड़ा में लड़कियों की नीलामी के मामले में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार को दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए जनता से माफी मांगनी चाहिए। मायावती ने ट्वीट किया राजस्थान की पंचायतों में लड़कियों की स्टाम्प पेपर पर कर्ज अदायगी सम्बंधी खरीद-फरोख्त सामाजिक व सरकारी व्यवस्था को शर्मसार करने वाली घटना है।

उन्होंने ट्वीट में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के-लड़की हूं लड़ सकती हूं अभियान का जिक्र करते हुए कहा, क्या 'लड़की हूँ लड़ सकती हूँ' का दावा करने वाली कांग्रेस पार्टी व उनकी राज्य (राजस्थान) सरकार का लड़कियों के प्रति यही असली क्रूर रूप है? बसपा अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न आयोगों द्वारा इस घटना के सम्बंध में स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करना उचित है लेकिन यह इसका समुचित हल नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेसी सरकार को दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के साथ-साथ इस शर्मनाक घटना पर महिलाओं व राज्य की जनता से तुरंत माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में कर्ज अदायगी के लिए लड़कियों की नीलामी के आरोपों की जांच के संबंध में शुक्रवार को दो सदस्यीय तथ्यान्वेषी टीम का गठन किया। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने राजस्थान के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। शर्मा ने मुख्य सचिव से आयोग को की गई कार्रवाई से अवगत कराने को कहा है। शीर्ष बाल अधिकार निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो भी आरोपों की विस्तृत जांच करने के लिए सात नवंबर को भीलवाड़ा जाएंगे। राजस्थान राज्य महिला आयोग ने भी इस बारे में प्रकाशित एक मीडिया रपट पर भीलवाड़ा जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से लड़कियों की नीलामी को लेकर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है।

## सरदार पटेल नहीं होते तो विराट भारत का अस्तित्व भी शायद नहीं होता: अमित शाह

### -गृहमंत्री शाह ने 'रन फॉर यूनिटी' को दिखाई हरी झंडी



**नई दिल्ली।** देश की एकता और अखंडता के पर्याय भारत रत्न सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुजरात एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर सरदार बल्लभ भाई पटेल नहीं होते तो आज के विराट भारत का अस्तित्व भी शायद नहीं होता। देश के लिए किए गए उनके योगदान को कभी भूला नहीं जा सकता। 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और फिर रन फार यूनिटी को झंड़ा दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा आइए हम सभी सरदार पटेल के दिखाए मार्ग पर समर्पित भाव से चल राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा को बनाए रखने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश गुलामी की सभी निशानियों से मुक्त होकर समृद्ध, सशक्त व सुरक्षित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरदार पटेल समस्त देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है, कई वर्षों तक उनको भुलाने के प्रयास के बावजूद सरदार के व्यक्तित्व ने उन्हें अमर बनाए रखा है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि सरदार साहब ने अपनी कुशल राजनीतिक क्षमता से 500 से अधिक रियासतों को जोड़कर एक भारत के सपने को चरितार्थ किया। अगर पटेल साहब नहीं होते तो आज का विराट, संकल्पवान व सामर्थ्यवान भारत का अस्तित्व भी शायद नहीं होता। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कल मोरबी की घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में ताकत दें और दिवंगत आत्माओं को चिर शांति प्रदान करें।

## पॉक्सो कानून और आईपीसी, मुस्लिम पर्सनल लॉ से ऊपर, विवाह के लिए 18 साल ही है सही उम्र : कर्नाटक हाईकोर्ट



**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट मुस्लिम पर्सनल लॉ पर एक बड़ी लकीर खींच दी है। हाईकोर्ट ने साफ किया है कि पॉक्सो और आईपीसी मुस्लिम पर्सनल लॉ से ऊपर है। दो अलग-अलग मामलों की सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि शादी की उम्र के मामले में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) मुस्लिम पर्सनल लॉ से ऊपर हैं। हाईकोर्ट ने इस दावे को भी खारिज कर दिया कि जिसमें कहा गया था कि मुस्लिम कानून के तहत विवाह के लिए युवावस्था को ध्यान में रखा जाता है।

इसके मुताबिक 15 साल में यौवन शुरू हो जाता है। इसलिए बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम की धारा 9 और 10 के तहत कोई अपराध नहीं बनता है। जस्टिस राजेंद्र बदामीकर ने अपने फैसले में कहा पॉक्सो अधिनियम एक विशेष कानून है। उन्होंने कहा कि यह पर्सनल लॉ से ऊपर है और पॉक्सो अधिनियम के तहत यौन गतिविधि के लिए स्वीकार्य आयु 18 साल ही है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने 27 वर्षीय एक मुस्लिम युवक की याचिका पर यह फैसला सुनाया। युवक की पत्नी की आयु 17 वर्ष है और वह गर्भवती है। जब वह जांच के लिए अस्पताल आई, तो चिकित्सा अधिकारी ने पुलिस को उसकी आयु के बारे में बताया और पति के खिलाफ बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम और पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने रेप के मामलों में टू फिंगर टेस्ट पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने रेप मामलों में सुनवाई करते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने रेप मामलों में टू फिंगर टेस्ट पर रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि टू फिंगर टेस्ट करने वालों को दोषी माना जाएगा। अदालत ने कहा का कहना है कि आज भी देश में टू फिंगर टेस्ट किया जा रहा है, जबकि इसके परीक्षण का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। रेप और यौन उत्पीड़न के मामलों में इस टेस्ट के इस्तेमाल की कई बार न्यायालय ने निंदा की है। इस मामले पर जस्टिस चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि टू फिंगर टेस्ट पर मुकदमा चलना चाहिए। इस टेस्ट से पीड़ित को आघात लगता है।

उन्होंने कहा इस परिक्षण को करने वालों खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। सर्वोच्च अदालत ने आदेश दिया कि इस संबंध में मेडिकल कॉलेजों के स्टडी मेटेरियल से इस टेस्ट को हटाया जाना चाहिए। पीड़िता की जांच करने वाली अवैज्ञानिक विधि से पीड़िता को आघात लगता है। अदालत ने कहा कि टू फिंगर टेस्ट करने से पीड़िता को फिर से प्रताड़ित किया जाता है। इस टेस्ट के जरिए महिला को फिर से घटना की याद दिलाई जाती है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के आदेश को भी पलट दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि वर्ष 2013 में कोर्ट टू फिंगर टेस्ट को असंवैधानिक माना था। कोर्ट ने पहले भी कहा था कि ऐसा परीक्षण नहीं होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि केंद्र सराकर टू फिंगर टेस्ट को अवैज्ञानिक घोषित कर चुकी है। सन 2014 में स्वास्थ्य मंत्रालय ने रेप पीड़िताओं के लिए नई गाइडलाइन बनाई थी, जिसमें अस्पतालों के लिए निर्देश जारी किए गए थे। इसके जरिए सभी अस्पतालों में फॉरेंसिक और मेडिकल एग्जामिनेशन के लिए खास कक्ष बनाए जाने का नियम बनाया था। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए नियमों में भी टू फिंगर टेस्ट को मना किया गया है। गाइडलाइंस में साफ किया गया है कि असॉल्ट की हिस्ट्री को रिकॉर्ड किया जाए।

## क्रीमिया नौसैनिक अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद नाराज पुतिन ने कीव, खारकीव में दागी 40 मिसाइलें

**कीव।**

रूस के लगातार जारी हमले के बीच यूक्रेन ने क्रीमिया स्थित रूसी नौसैनिक अड्डे पर भीषण ड्रोन हमला किया तो राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बुरी तरह भड़क गए और उनकी सेना ने भी यूक्रेन पर जोरदार हमला किया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव समेत कई शहरों पर 40 मिसाइलें दागकर आधारभूत ढांचे को चौतरफा निशाना बनाया। इस हमले के बाद सोमवार को यूक्रेन के कई इलाके अंधेरे में डूब गए और पानी की सप्लाई बंद हो गई। कीव के लोगों ने बताया कि राजधानी में कम से कम 5 विस्फोट हुए हैं। रूस ने यूक्रेन के खारकीव, जापोरिझझिया और चेरकासी इलाके में कई मिसाइल हमले किए हैं। रूसी मिसाइल के हमले से खारकीव में जमीन के अंदर लगे सिस्टम ने काम करना बंद कर दिया। वहीं दो अन्य शहरों में बिजली गुल हो गई जिससे अंधेरा छा गया। यूक्रेनी मीडिया का दावा है कि रूस नागरिकों से जुड़े आधारभूत ढांचे को निशाना बना रहा है ताकि जल्द ही शुरू होने जा रही सर्दी में लोग अपने घरों में ही ठिठुर कर रह जाएं। उसने कहा कि रूस यूक्रेन के लोगों की जंग लड़ने की इच्छाशक्ति को तोड़ना चाहता है। अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक नागरिक ठिकानों पर इस तरह के हमले करना युद्धापराध में आता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के सलाहकार एंटोन गेराश्चेंको ने कहा कि सोमवार को अलसुबह रूस की ओर से 40 मिसाइलें दागी गई हैं। रूस ने यह हमला ऐसे समय पर किया है जब यूक्रेन की सेना ने रूस के काला सागर नौसैनिक बेड़े के मुख्यालय पर समुद्री ड्रोन से जोरदार हमला बोला है। इस हमले के बाद से ही रूस ने यूक्रेन के बंदरगाह से अनाज जाने में सहयोग देने की संधि को तोड़ दिया है। रूस ने कहा है कि वह ऐसे मालवाहक जहाजों को अब सुरक्षा की गारंटी नहीं देगा। इस बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दमयत्रो कुलेबा ने कहा कि रूस के मिसाइलों की बारिश ने देश के महत्वपूर्ण आधारभूत ढांचे को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि जंग के मैदान में लड़ने की बजाय रूस आम नागरिकों से लड़ रहा है। रूस और यूक्रेन दोनों ही जंग के इतने बीत जाने के बाद भी हार नहीं मान रहे हैं। दोनों ही तरफ से लगातार हमले जारी हैं।



## न्यूज़ ट्रैक....

### सबसे अधिक रन बनाने के मामले में आजम और रिजवान के करीब पहुंचे सूर्यकुमार

**पर्थ** । भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेलने के साथ ही एक सत्र में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के क्लब में प्रवेश हासिल किया है। इस सूची में मोम्मद रिजवान पहले नंबर पर है जबकि दूसरे नंबर पर बाबर आजम शामिल है। मोहम्मद रिजवान ने साल 2021 में 29 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक और 12 अर्धशतकों के साथ ही कुल 1326 रन बनाए थे। वहीं सूर्यकुमार तीसरे नंबर पर आते हैं। आजम ने साल 2021 में 29 मैचों में एक शतक और 9 अर्धशतक के साथ कुल 939 रन बनाए थे। इस प्रकार वह 37.56 के बल्लेबाजी औसत के साथ ही दूसरे स्थान पर हैं। वहीं सूर्यकुमार ने 26 टी20 अंतराष्ट्रीय मैचों में 183.69 के स्ट्राइक रेट से कुल 935 रन बनाए हैं जिसमें 8 अर्धशतक शामिल है। अब उनके पास अगले मैच में आजम को पीछे छोड़ने का अच्छा अवसर है। इस साल की शुरुआत में सूर्यकुमार यादव ने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल में सबसे अधिक रन बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ा था।

### क्रिकेट में नस्लवाद के किसी दोषी को छोड़ेगे नहीं : ईसीबी

**लंदन** । इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के सख्ता रवैये के बाद भी देश में नस्लवाद के मामले थम नहीं रहे है। अब एक बड़े क्रिकेटर पर नस्लवाद के आरोप लगे हैं हालांकि इस क्रिकेटर का नाम अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। ईसीबी इस मामले की जांच में लगा हुआ है। उसका कहना है कि किसी भी खिलाड़ी को दोषी पाये जाने पर छोड़ा नहीं जायेगा। ईसीबी ने पिछले एक साल में नस्लवाद को रोकने के लिए कई कदम उठाये हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार ईसीबी ने करीब तीन सप्ताह पहले इस मामले की जांच शुरू की थी। अभी वह और गवाहों की तलाश कर रही है। ईसीबी का मानना है कि इस प्रकार की घटनाओं से खेल को नुकसान पहुंचता है। काउंटी क्रिकेट में भी नस्लवाद के कई मामले समय-समय पर सामने आये हैं। जिसमें दोषी खिलाड़ियों को सजा भी दी गयी है। इंग्लैंड टीम अभी ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में लगी है। जोस बटलर की कप्तानी में टीम विश्व कप से पहले तीन मैचों की एक सीरीज मेजबान ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। इससे उसे हालतों के अनुसार ढ़लने में सहायता मिलेगी।

### फिलिप्स की शानदार रनिंग का वीडियो सामने आया

**सिडनी** । बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स के शतक 104 रनों की सहायता से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को सिडनी में खेले गये टी20 विश्व कप में 65 रनों से हरा दिया। इस मैच में फिलिप्स ने 64 गेंद में 162.50 की स्ट्राइक रेट से शानदार पारी खेली। अपनी इस पारी में फिलिप्स ने 10 चौके एवं चार छक्के लगाये। कीवी टीम ने इस मैच में 20 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। इसका पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम मैच में 19.2 ओवरों में 102 रनों पर सिमट गयी। इस मैच में शानदार बल्लेबाजी के साथ ही फिलिप्स ने जबरदस्त रनिंग भी दिखायी जिसका एक वीडियो भी सामने आया है।



मैक्सिको में रेड बुल के सर्जियो पेरेज , मैक्स वर्ससेपट , टीम प्रिंसिपल क्रिस्टीयन होर्नर वह अन्य साथी रेस के बाद उत्साहित नजर आये।

# हीरो आई लीग फुटबॉल में नेपाल सहित कई देशों के खिलाड़ी भी नजर आयेंगे

**मोहाली** । आगामी हीरो आई-लीग फुटबॉल सत्र में पंजाब एफसी टीम की ओर से पांच 5 विदेशी खिलाड़ी खेलते हुए नजर आयेंगे। पंजाब ने इस लीग के लिए नेपाल के गोलकीपर किरण लिम्बू , स्लोवेनिया के फॉरवर्ड लुका माजसेन, स्पेन के मिड फील्डर जुआन मेरा, सर्बिया के डिफेंडर अलेक्सेंडर इग्नजाटोविक और बोस्निया और हर्जेगोविना के मिडफील्डर अदनान सेसेरोविक से करार किया है। लिम्बु ने इससे पहले साल 2020-21 वाले हीरोआई-लीग सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था। तब उन्हें गोल्डन ग्लव्स अवार्ड से सम्मानित किया गया था। अब एक बार फिर से वह राउंड ग्लास पंजाब एफसी में वापसी कर रहे हैं। वहीं स्लोवेनियाई स्ट्राइकर लुकामाजसेन ने पिछले सत्र में गोकुलम केरला की ओर से 13 गोल किये थे। भारत में अपने दो सत्रों में, वह दोनों अवसरों पर शीर्ष स्कोरर की सूची में दूसरे स्थान पर रहे हैं। आई लीग के दो सत्रों में इन्होंने 24 गोल किये हैं। वहीं 28 वर्षीय जुआन मेरा को मिडफील्ड में खेलने का अच्छा अनुभव है। उन्होंने ईस्ट बंगाल एफसी और नेरोका एफसी की ओर से एआई-लीग में खेला था। अलेक्जेंडर इग्नजाटोविक ने सर्बियाई शीर्ष डिवीजन में अधिकांश फुटबॉल खेला है, उन्हें यूईएफए कप में खेलने के अनुभव भी है , उनके आने से टीम की रक्षापंक्ति मजबूत होगी। वहीं पंजाब एफसी के फुटबॉल निदेशक निकोलास टोपोलियाटिस ने कहा कि आगामी हीरोआई-लीग सत्र के लिए इन प्रतिभाशाली विदेशी खिलाडि?ों की सेवाएं लेने के लिए बेहद उत्साहित हैं। उनका शीर्ष स्तर पर खेलने का अनुभव हमारी टीम की क्षमता को और बढ़ाएगा।

### विश्व कप फुटबॉल की तैयारियों में लगे श्रमिक फुटपाथ पर रहने हुए मजबूर

**दोहा** । 20 नवंबर से कतर में होने वाले फीफा विश्व कप की तैयारियां जोरो पर हैं। इसके कामकाज के लिए आये विदेशी श्रमिकों के प्रति सरकार की बेरुखी सामने आयी है। तैयारियां पूरी होते ही कतर ने विदेशी श्रमिकों को घरों से निकाल दिया है। विश्व कप के दौरान यहां फुटबॉल प्रशंसक रुकेंगे। मजदूरों ने कहा कि करीब एक दर्जन से अधिक इमारतों को खाली करवा कर अधिकारियों ने बंद कर दिया है। अब ये मजदूर अपने ही घर के सामने फुटपाथ पर रह रहे हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, दोहा के अल-मंसौरा जिले की एक इमारत में 1200 लोग रहते थे। अधिकारियों ने इसमें रह रहे लोगों से कहा कि उनके पास अपने घर खाली करने के लिए केवल दो घंटे शेष हैं। निवासियों ने बताया कि लोगों को जबर दस्ती बाहर निकाला गया। इस दौरान लोग अपना सामान भी नहीं ले पाये। फुटपाथ पर सो रहे एक श्रमिक ने कहा, %हमारे पास रहने के लिए कोई दूसरी जगह नहीं है।% वहीं कतर के एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि घर खाली करवाने की प्रक्रिया का विश्व कप से कोई संबंध नहीं है। यह %दोहा के इलाकों को फिर से व्यवस्थित करने के लिए चल रही व्यापक और दीर्घकालिक योजनाओं% का हिस्सा है। अधिकारी ने कहा कि सभी लोगों को सुरक्षित और उपयुक्त आवास मुहैया कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों से घर खाली करने का अनुरोध %नोटिस भेजकर किया गया था।

# बांग्लादेश की जीत से पाकिस्तान को मिली राहत, बाहर होने से बची

**ब्रिसबेन।** बांग्लादेश को टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-12 में जिम्बाब्वे पर मिली जीत से पाकिस्तान को जरुरी राहत मिली है। बांग्लादेश की इस जीत के साथ ही पाक टीम मुकाबले से बाहर होने से बच गयी। बांग्लोश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने इस अहम मैच में जिम्बाब्वे के बल्लेबाज को रन आउट कर अपनी टीम को जीत दिलायी। जिम्बाब्वे को अंतिम 2 ओवर में जीत के लिए 26 रन बनाने थे और 5 विकेट बचे थे। तब 19वें ओवर की पहली 3 गेंद पर जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने 7 रन बना लिए थे पर चौथी गेंद पर शाकिब ने रेयान बर्ल को शानदार रन आउट करके मैच में बांग्लादेश की वापसी करायी। इस मैच के बाद बांग्लादेश 4 अंक लेकर अंकतालिका में दूसरे नंबर पर है।

जिम्बाब्वे को अंतिम ओवर में जीत के लिए 16 रन बनाने थे। यह ओवर ऑफ स्पिनर सादेक हुसैन ने किया।. पहली गेंद पर एक रन बना। दूसरी गेंद पर ब्रैड इवांस कैच आउट हुए। तीसरी गेंद पर बाई के रूप में चौका मिला। वहीं चौथी गेंद पर नगारवा ने छक्का लगा दिया पर वह पांचवीं गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद जिम्बाब्वे को एक गेंद पर जीत के लिए 5 रन बनाने थे पर बल्लेबाज मुजरबानी रन नहीं बना सके। वहीं सुपर-12 के ग्रुप-2 की बात करें, तो भारतीय टीम अभी अपनी दोनो ही मैच जीतकर 4 अंक के साथ शीर्ष पर है। वहीं बांग्लादेश के 3 मैच में 4 अंक हैं और वह दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है जबकि दक्षिण अफ्रीका 2 मैच में 3 अंक के साथ ही तीसरे जबकि जिम्बाब्वे 3 मैच में 3 अंक लेकर चौथे स्थान पर बनी हुई है। पाक और नीदरलैंड दोनों ने अब तक 2-2 मुकाबले खेले हैं पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। नेट रनरेट के कारण पाक टीम 5वें नंबर पर बनी है। पाक टीम अभी 6 अंक ही पहुंच सकती है। बांग्लादेश के अभी 2 मुकाबले बचे हैं। इसमें टीम एक भी मैच जीत लेती है, तो 6 अंक तक पहुंच जाएगी , ऐसे में वह पाक को कड़ी टक्कर देगी।

### अकरम को लगी थी कोकीन की लत

**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान क्रिकेट के पूर्व कप्तान वसीम अकरम को मादक पदार्थ कोकोन की आदत थी। अकरम ने स्वयं इसका खुलासा किया है। अकरम ने अपनी आगामी आत्मकथा सुल्तान~ ए मेमॉयर में बताय है कि कैसे क्रिकेट करियर समाप्त होने के बाद वह कोकीन सेवन के आदी हो गये थे। अकरम ने साल 2003 में खेल से संन्यास ले लिया था। इसके बावजूद वह कमेंट्री और खेल से जुड़े अन्य कामों में लगे रहे। के लिए दुनिया की यात्रा जारी रखी। अकरम ने अपनी आत्मकथा में लिखा, कोकीन की आदत उन्हें संन्यास के बाद लगी। साल 2009 में पहली पत्नी हुमा के निधन से यह और बढ़ी। इसका कारण पार्टी करने की आदत भी थी। कोकीन पर उनकी निर्भरता लगातार बढ़ती गयी।



ब्रिटेन में महिला सुपर लीग में आर्सेनल की जार्डन गोल करने के बाद साथियों के साथ खुशी मनाती हुई।

## व्यापार न्यूज

### स्विफ्ट जल्द ही कार की नई जनरेशन करेगी लॉन्च

**नई दिल्ली** । जानी-मानी कंपनी मारुति सुजुकी अपनी स्विफ्ट कार की नई जनरेशन लॉन्च करने जा रही है। चालू साल के आखिर तक स्विफ्ट की नई जनरेशन का ग्लोबल डेब्यू किया जा सकता है। इस मॉडल को कई बार यूरोप में टेस्ट ड्राइव के दौरान स्पॉट किया गया है। हालांकि इस मॉडल को लेकर चर्चा है कि इसमें केवल कॉस्मैटिक बदलाव किए जाएंगे। इंजन को लेकर कंपनी ज्यादा बदलाव करने नहीं जा रही है।गौरतलब है कि स्विफ्ट की थर्ड जनरेशन को 2018 में लॉन्च कया गया था। इसके बाद से ही कंपनी ने इसमें कोई बदलाव नहीं किया था। लेकिन अब स्विफ्ट को बिल्कुल नए लुक में पेश करने के लिए कंपनी तैयार है। माना जा रहा है कि लॉन्च के कुछ समय बाद ही इस गाड़ी को बाजार में बिक्री के लिए भी उतार दिया जाएगा। नई जनरेशन के एक्स्टीरियर और इंटीरियर में कई अपडेट देखने को मिलेंगे।इसके साथ ही टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम होगा जो अपनी क्लास में बेहतरीन रहेगा। डैशबोर्ड के डिजाइन को भी बदला जाएगा, साथ ही सेंटर कंसोल के साथ ही इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर में भी बदलाव देखने को मिलेंगे।

### लेटेस्ट वर्जन पियाजियो एमपी3 500 एचपीई लॉन्च

**नई दिल्ली** । पियाजियो कंपनी ने हाल ही में अमेरिकी बाजार में एक तीन पहिए वाला स्कूटर को पेश किया है। पियाजियो लवर इस स्कूटर की चर्चा बीते कई महीनों से कर रहे थे। यह स्कूटर पियाजियो एमपी3 400 का अपडेटेड वर्जन है। वर्ष 2020- 21 मई पियाजियो कंपनी ने इस स्कूटर को लांच किया था। लॉन्च होने के बाद से ही कई ग्राहक इस स्कूटर की शिकायत कर रहे थे। इसलिए कंपनी ने 1 वर्ष के भीतर ही इसके अगले वर्जन पियाजियो एमपी3 500 एचपीई को लॉन्च कर दिया है। इसके साथ ही पुराने ग्राहकों को भी कंपनी ने दिशा-निर्देश जारी किया है। तीन पहिए वाले स्कूटर में ब्रेकिंग की समस्या को देखते हुए कंपनी ने पियाजियो एमपी3 400 में बदलाव किया है। साथ ही बयान जारी करते हुए यह भी कहा है कि जिन लोगों को इसमें शिकायत है अभी कंपनी में स्कूटर वापस देकर इसे सही करवा सकते हैं। तीन पहियों में डिस्क ब्रेक दिया गया है। इसके अलावा ये 3 चैनल एबीएस के साथ ये लैस है। पियाजियो एमपी3 500 एचडी में पिलर और राइडर दोनों को बैठने के लिए चौड़ी सीट मिलती है। सीट के नीचे दो हेलमेट आराम से रख सकते हैं। इसके अलावा सीट खोलने के लिए कंपनी के ऐप का इस्तेमाल कर पाएंगे। इस स्कूटर में टिल्टिंग सस्पेंशन लॉक दिया गया है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ खुला, सेंसेक्स में 287 अंकों की बढ़त

**मुंबई** । मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ खुला। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन शेयर बाजार की बढ़त के साथ ही शुरुआत हुई। बाजार कुछ समय के अंदर ही 60 हजार के ऊपर निकल गया। एशियाई , यूरोपीय और दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से बाजार में यह उछाल आया है।



सुबह सेंसेक्स 287 अंकों की बढ़त के साथ ही 60,247 अंकों जबकि निफ्टी भी 123 अंक ऊपर आकर 17,910 पर खुला। निवेशकों में आज सुबह से ही उत्साह नजर आया और उन्होंने जमकर खरीददारी की। इसके अलावा आईटी कंपनियों के अच्छे प्रदर्शन से भी बाजार को बल मिला है। सुबह सेंसेक्स 500 अंक बढ़कर 60,486 पर पहुंच गया। इस दौरान निफ्टी भी 140 अंकों की बढ़त के साथ ही 17,927 पर पहुंच गया। निवेशकों ने आज सुबह से ही एचयूएल, ड्रॉ रेड्डी लैब , इंफोसिस, टाटा मोटर्स और टेक महिन्द्रा जैसी कंपनियों के शेयरों में खरीददारी की। इससे इन कंपनियों के शेयर सबसे ज्यादा लाभ वाले शेयरों में पहुंच गये। सुबह निफ्टी पर केवल एनटीपीसी के शेयरों में ही नुकसान के साथ ही बिकवाली हावी रही। इसके शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। कारोबार में निफ्टी मिडकैप 100 और स्मॉलकैप 100 भी 0.6 फीसदी की बढ़त पर नजर आये। आज कारोबार के दौरान सभी सभी क्षेत्रों में उछाया आया। सबसे ज्यादा तेजी निफ्टी आईटी और निफ्टी फार्मा सेक्टर की कंपनियों में नजर आया। इस सेक्टर में 1 फीसदी से भी ज्यादा उछाल आया है। वहीं ड्रॉ रेड्डी के शेयरों ने आज सुबह से ही एक फीसदी से अधिक की बढ़त रही। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू इनर्जी के शेयर भी आज सुबह 2 फीसदी से ज्यादा उछले।

### एशियाई ओर अमेरिकी बाजारों में उछाल

**टोक्यो** । एशियाई ओर अमेरिकी बाजारों में तेजी का माहौल है। एशिया के ज्यादातर शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ खुले सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज में एक फीसदी की बड़ी बढ़त दर्ज की गयी जबकि जापान का निक्केई 1.25 फीसदी की बढ़त पर कामकाज कर रहा था। ताइवान के शेयर बाजार में 0.57 फीसदी और दक्षिण कोरिया में 0.41 फीसदी की बढ़त आई है। वहीं अमेरिकी फेडरल रिजर्व की एक और बैठक से पहले अमेरिकी बाजार में उत्साह रहा। बढ़ती महंगाई को देखते हुए फेड ने अभी तक ब्याज दरों में अच्छी खासी बढ़ोतरी की है। निवेशकों ने पिछले कारोबारी सत्र में खरीदारी की और अमेरिका के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज में शामिल नेसडेक में 2.87 फीसदी का उछाल आया। इसके अलावा यूरोपीय बाजारों में भी उत्साह का माहौल है।

# सोने के दाम उछले, चांदी के भाव में आई नरमी

**नई दिल्ली** । घरेलू बाजार में सोने के दाम उछले हैं ,वहीं चांदी की कीमतों में नरमी आयी है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने और चांदी की कीमतें गिरी हैं। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने में बढ़त रही जबकि चांदी में एमसीएक्स पर 0.06 फीसदी गिरावट दर्ज हुई। वायदा बाजार में सुबह 24 कैरेट सोने के दाम सुबह 20 रुपये तेज होकर 50,250 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गये। वहीं सोना 50,266 रुपये पर खुला। इसके बाद यह 50,299 रुपये तक चला गया पर थोी देर बाद यह गिरावट के



साथ ही 50,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी नीचे आयी है। चांदी के दाम 36 रुपये फिसलकर 57,444 रुपये पहुंच गये। यह सुबह 57,307 रुपये पर खुला थी। एक बार इसकी कीमत 57,454 रुपये तक पहुंच गयी। बाद में कीमत गिरकर 57,444 रुपये पर पहुंच गयी। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंदी के कारण सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आयी है। सोने का हाजिर भाव आज 0.15 फीसदी गिरकर 1,642.67 डॉलर प्रति औंस हो गया है जबकि. अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी का भाव भी गिरा है। चांदी का हाजिर भाव 0.41 फीसदी नीचे आकर 19.17 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया।

### चारों महानगरों में तेल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली** । घरेलू बाजार में सोमवार को चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी तेल की कीमतें पहले की तरह ही बनी हुई हैं हालांकि उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव आया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। यूपी के गौतम बुद्ध नगर जिले (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में पेट्रोल की कीमत36 पैसे बढ़ी है ओर ये 97.00 रुपये और डीजल 32 पैसे बढ़कर 90.14 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। इसके अलावा लखनऊ में भी पेट्रोल के भाव में मामूली 1 पैसे की बढ़ोतरी हुई और यह 96.58 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। डीजल 1 पैसे बढ़कर 89.77 रुपये प्रति लीटर हो गया है। नोएडा में पेट्रोल 97.00 रुपये और डीजल 90.14 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है. लखनऊ में पेट्रोल 96.58 रुपये और डीजल 89.77 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# महिंद्रा का पिजेट किसबी के नाम से लॉन्च होगा ई-स्कूटर

**नई दिल्ली** । स्वदेशी कंपनी महिंद्रा जल्द ही बाजार में अपना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च कर ने की तैयारी में है। पिजेट किसबी के नाम से लॉन्च होने वाले इस स्कूटर की सीधी टक्कर ओला एस 1 से होगी। किसबी के कैमोफ्लैज को कई बार टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। इंटरनेशनल मार्केट में किसबी पहले से मौजूद है और अब महिंद्रा के साथ कॉलोब्रेशन में पिजट इस स्कूटर को इंडिया में लॉन्च करने जा रही है। माना जा रहा है कि किसबी की सीधी टक्कर ओला एस 1, एथर 450 एक्स, बजाज चेतक, हीरो विदा और टीवीएस आईक्यूब से होगी। हालांकि इन सभी स्कूटरों की कीमत 1 लाख रुपये के आसपास है। ऐसे में किसबी को यदि कम कीमत पर लॉन्च किया जाता है तो ये इन सभी को सेल्स फिगर में बड़ा झटका दे सकता है। महिंद्रा ने अभी तक स्कूटर की कीमत को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है लेकिन माना जा रहा है कि ये 80 हजार के आसपास की कीमत पर लॉन्च किया जाएगा। किसबी में 1.6 केडब्ल्यूएच की लिथियम-आयन बैटरी पैक होगा। जिससे इस बैटरी को 45 से 50 किमी। तक की रेंज मिलेगी। साथ ही इस स्कूटर की टॉप स्पीड भी 42 किमी। प्रति घंटे के आसपास रहने की ही बात कही जा रही है।

# रोल्स रॉयस ने अरबपति की डिमांड पर बनाई कस्टमाइज्ड कार

**नई दिल्ली** । कुछ लोगों का सपना रोल्स रॉयस कार खरीदने का होता है। लोग इस गाड़ी को स्टाइलिश और आकर्षक बनाने के लिए लोग इसमें अपने हिसाब से बदलाव करवाते हैं। एक अरबपति की डिमांड को देखते हुए रोल्स रॉयस कंपनी ने एक कार बनाई है। यह कस्टमाइज कार देखने में बहुत ही आकर्षक और बेहतरीन है। इंटीरियर लुक में वे ये अन्य कारों को पीछे कर देती है। इसमें एक खास किस्म की लकड़ी का इस्तेमाल हुआ है जिसे कोआ लकड़ी कहते हैं। रोल्स रॉयस कंपनी ने जिस मशहूर अरबपति के लिए कार बनाई है उनका नाम जैक बॉयड स्मिथ जूनियर है। जैक बॉयड स्मिथ जूनियर लग्जरी कारों के शौकीन हैं। उनके पास बहुत सारी महंगी गाड़ियों की कलेक्शन उपलब्ध है। अरबपति लोगों में जैक बॉयड स्मिथ जूनियर की गिनती होती है। कस्टमाइज कार को बनाने के बाद कंपनी ने इसे सबसे लेटेस्ट क्रिएशन कोआ



फैंटम एक्सटेंडेड बताया है। इसे बनवाने के लिए उन्होंने खुद कंपनी से कार में बदलाव करने के लिए कहा था।

रोल्स रॉयस कंपनी ने जैक के लिए जो लग्जरी कार बनाई है उसमें एक बहुत ही खास किस्म की लकड़ी का इस्तेमाल हुआ है जिसे कोआ लकड़ी कहा जाता है। उन्होंने कार डिजाइन करवाते समय इसमें इस खास लकड़ी का इस्तेमाल करने के लिए कहा था।रोल्स रॉयस कंपनी ने जैक के लिए जो कार बनाई है उसकी कीमत 3 करोड़ 89 लाख रुपये है। कंपनी ने कार बनाने के लिए डैशबोर्ड में भी कोआ लकड़ी का इस्तेमाल किया है। जैक इस कार को बनने के बाद चलाने के लिए बहुत उत्साहित थे। इसकी स्टीयरिंग व्हील और पिकनिक टेबल आकर्षक बनाने के लिए इसमें कई अनोखी और खास चीजों का इस्तेमाल किया गया है। कार के पीछे बूट स्पेस दी गई है। इसमें सामान रखने के साथ ही गाना सुनने के लिए स्पीकर लगाए गए हैं। अंदर की तरफ एक शैम्पेन फ्रिज दिया गया है। कोआ लकड़ी इसलिए खास है क्योंकि यह सिर्फ हवाई द्वीप पर ही पाई जाती है। कार डिलीवरी होने के बाद मीडिया से बातचीत करने के दौरान उन्होंने बताया था कि इस लकड़ी से उनके परिवार का जुड़ाव है। सिर्फ इतना ही नहीं उन्होंने इस लकड़ी को अपने परिवार का हिस्सा तक बताया था।

## वजन कम करती है हल्दी है



हल्दी स्वाद बढ़ाने के साथ ही सेहत के लिए लाभदायक होती है। कई अध्ययनों में इस बात की पुष्टि की गई है कि हल्दी के सेवन से शरीर और दिमाग दोनों को फायदा पहुंचता है। हल्दी जोड़ों और गठिया के दर्द में भी बहुत फायदेमंद होती है।

### ये हैं हल्दी के फायदे-

- **डाइजेस्टिव सिस्टम बेहतर करे:** आप अगर पेट की परेशानियों से जूझ रहे हैं, तो हल्दी के सेवन से फायदा होगा। हल्दी में एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लामेट्री गुण पाए जाते हैं, जो डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर करने में मदद करता है। अध्ययन के मुताबिक, हल्दी के सेवन गैस की समस्या भी दूर होती है।
- **झुर्रियों को कम करे :** बढ़ती उम्र से चेहरे पर आई झुर्रियों को दूर करने में हल्दी बहुत कारगर है। हल्दी में एंटी-ऑक्सीडेटिव और एंटी-इंफ्लामेट्री गुण पाए जाते हैं। ये चेहरे की झुर्रियों को दूर करमे में मदद करते हैं। रोजाना हल्दी का सेवन करने से त्वचा पर निखार आता है।
- **रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ती है :** हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुणों के साथ रोग प्रतिरोधी ताकत भी होती है जिससे आप कई तरह के संक्रमण से सुरक्षित रहते हैं। रोजाना एक गिलास गर्म दूध के साथ एक चम्मच हल्दी का सेवन करने से सर्दी, जुकाम, फ्लू आदि समस्याओं से राहत मिल सकती है।
- **दिमाग के लिए फायदेमंद:** हल्दी में मौजूद तत्व दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इससे दिमाग की स्टेम कोशिकाओं की मरम्मत होती है। इसके अलावा हल्दी में मौजूद कर्क्यूमिन भी दिमाग में पाए जाने वाले प्रोटीन को तेज करता है।
- **वजन कम करने में मददगार:** आजकल अधिकतर लोग अपने बढ़ते वजन से परेशान हैं पर हल्दी के सेवन से आप अपने वजन को नियंत्रण में रख सकते हैं। हल्दी शरीर में फैट टीश्यूज को बनने से रोकती है, जिससे वजन नियंत्रण में रहता है।

## डायबिटीज है तो शुगरफ्री मिठाई खाएं



कई लोगों को खूब मिठाईयां या मीठा खाना पसंद होता हैं, पर इससे उन्हें डायबिटीज जैसी बीमारी होने का खतरा भी रहता है। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि शुगर-फ्री मिठाई का सेवन करें पर इसमें भी सावधानी रखनी चाहिये क्योंकि जरुरत से ज्यादा कोई भी चीज नुकसानदेह हो सकती है।

- **शुगर-फ्री बेसन लड्डू:** बेसन, घी और ढेर सारी चीनी से बना बेसन का लड्डू काफी लोगों को पसंद होता है। इसमें चीनी बिल्कुल नहीं होती और खाने में यह स्वादिष्ट भी होता है।
- **खजूर रोल:** कैलोरी को लेकर जागरुक रहने वाले लोगों के लिए खजूर अच्छा विकल्प है। आप बादाम के टुकड़ों के साथ खजूर रोल खा सकते हैं, यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी बढ़िया विकल्प है।
- **अंजीर बर्फी:** अंजीर को दुनियाभर में काफी सेहतमंद माना जाता है। यह पाचन में सुधार कर मधुमेह को नियंत्रित करता है। इस फल को अंजीर की बर्फी के रूप में भी खाया जा सकता है, जिसमें रिफाइंड शुगर बिल्कुल नहीं होता है। यह मिठाई काजू, बादाम, पिस्ता, अंजीर, घी और शहद से बनाई जाती है, जो बच्चों और बड़ों दोनों के लिए स्वास्थ्यवर्धक है।
- **फिनी:** फिनी एक पारंपरिक राजस्थानी मिठाई है। यह मुख्य रूप से राजस्थान के बीकानेर में मिलती है। इसे आटे, चीनी और शुद्ध घी से बनाया जाता है, पर आजकल शहद से तैयार शुगर-फ्री फिनी भी मिलने लगी है, जिसका आप आनंद ले सकते हैं।
- **लौकी का हलवा:** आप इसका सेवन भी कर सकते हैं। इसे सिर्फ एक छोटा चम्मच घी, लौकी, कम वसा वाले दूध, इलायची पाउडर और स्टेविया डालकर बनाया जाता है।
- **खजूर नारियल रोल:** यह रोल खजूर, बादाम और नारियल से बनाया जाता है, जिसमें दो ग्राम फाइबर होता है।

# जोड़ों में दर्द झेलना होता है बेहद ही मुश्किल इन 10 तेल की मालिश से मिलेगा आराम

एक उम्र के बाद इंसान का शरीर जवाब देने लगता हैं और जोड़ों में दर्द की शिकायत सामने आने लगती हैं। हांलाकि आज के समय में यह परेशानी युवाओं को भी होने लगी हैं और आए दिन घुटने और जोड़ों का दर्द झेलना पड़ता हैं। इस दर्द के चलते व्यक्ति के काम करने की कार्यक्षमता कम हो जाती हैं और कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए कई लोग पेनकिलर का इस्तेमाल करते हैं जो कि आगे चलकर आपको कई और परेशानियों में भी डाल सकता हैं। ऐसे में आप तेल की मालिश की मदद ले सकते हैं। आज हम आपको कुछ खास प्रकार के तेल की जानकारी देने जा रहे हैं जिनके इस्तेमाल से जोड़ों का दर्द दूर करने में आपको मदद मिलेगी। आइये जानते हैं इन तेल के बारे में...



### लहसुन तेल

आयुर्वेद में लहसुन एक अच्छा दर्दनिवारक माना जाता है।लहसुन में विटामिन, एंटी-बैक्टीरियल, मिनरल्स और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं, जो कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर करते हैं। इसके लिए सरसों के तेल में लहसुन की 10-12 कलियां, 2 जायफल, गिलोय की सूखी डंठल सभी को कूटकर डालें। इसके बाद सरसों के तेल को 1 घंटे तक धीमी आंच पर पकाते रहें। पकाने के बाद ठंडा करके छान लें और एक शीशी में करके रख लें। रात को सोने से पहले इस तेल से जोड़ों की मालिश करनी चाहिए। इस तेल से जोड़ों पर कम से कम 5-7 मिनट तक मालिश करें। इसे हल्का गर्म करके इस्तेमाल करें, जल्द आराम मिलेगा। एक हफ्ते में आपको दर्द से आराम मिलना शुरू हो जाएगा।

### सरसों का तेल

हर भारतीय रसोई में सरसों का तेल जरूर पाया जाता है। यह तेल जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आपको आधी कटोरी तेल को गर्म कर उसमें एक या दो लहसुन की कली डाल दें। अब तेल को ठंडा करें और फिर इस तेल से हाथों और पैरों की जमकर मालिश करें। इससे आपको जोड़ों के दर्द में आराम मिलेगा।

### कपूर का तेल

शरीर के दर्द को दूर करने के लिए कपूर के तेल की मालिश की जा सकती है। यह काफी फायदेमंद होता है। दरअसल कपूर के तेल से मालिश करने से शरीर का ब्लड सर्कूलेशन ठीक बना रहता है। वहीं अर्थराइटिस के मरीज कपूर के तेल से मालिश कर सकते हैं। इससे उन्हें आराम मिलेगा।

### लोबान का तेल

लोबान में एंटी-सेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो जोड़ों के दर्द को दूर करने में मददगार हो सकते हैं। स्टडी के मुताबिक, लोबान का तेल अर्थराइटिस के लक्षणों जैसे- जोड़ों में दर्द और सूजन की समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार हो सकता है। अगर आपको लगातार जोड़ों में दर्द की शिकायत रहती है, तो आप नियमित रूप से इस तेल से अपने घुटनों और प्रभावित हिस्से की मालिश कर सकते हैं।

### काले जीरे का तेल

आयुर्वेद में काले जीरे का इस्तेमाल कई तरह की दवाओं को तैयार करने के लिए किया जाता है। इस जीरे से तैयार तेल का इस्तेमाल करने से आप जोड़ों के दर्द से राहत पा सकते हैं। अगर आपको लगातार जोड़ों के दर्द की शिकायत रहती है, तो दिन में कम से कम 3 बार जीरे के तेल से अपने जोड़ों की मालिश करें।

### अदरक का तेल

जोड़ों में दर्द होने पर आप अदरक के तेल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। लगातार जोड़ों के दर्द में शिकायत होने पर आप नियमित रूप से अदरक के तेल से मालिश करें।

इससे आपको काफी बेहतर रिजल्ट मिल सकता है। इसके अलावा ज्वाइंट पेन से राहत पाने के लिए शारीरिक एक्टिविटी पर भी ध्यान दें।

### अरंडी का तेल

अरंडी के तेल से मालिश करने से जोड़ों का दर्द कम होता है और सूजन की भी परेशानी कम होती है। इस तेल से मालिश करने से शरीर का दर्द धीरे-धीरे गायब हो जाता है।

### महुआ का तेल

महुआ का तेल जोड़ों के दर्द में काफी आराम देता है। आप इसे दिन में दो बार शरीर पर लगाकर अच्छी तरह से मालिश कर सकते हैं। नियमित रूप से इसे लगाने से जोड़ों का दर्द धीरे-धीरे गायब हो जाएगा और सूजन भी कम हो जाएगा।

### लेमनग्रास ऑयल

रुमेटॉइड अर्थराइटिस से ग्रसित लोगों के लिए लेमनग्रास ऑयल फायदेमंद हो सकता है। यह जोड़ों के दर्द से आराम दिलाने में आपकी मदद करता है। अगर आपको रुमेटॉइड अर्थराइटिस की वजह से जोड़ों में दर्द हो रहा है, तो नियमित रूप से लेमनग्रास ऑयल से अपने जोड़ों की मसाज करें। एक्सपर्ट का कहना है कि इस तेल में एंटी-इंफ्लेमेटरी का गुण पाया जाता है, जो अर्थराइटिस में होने वाले सूजन को कम करने में भी सहायक हो सकता है।

### हल्दी का तेल

मसालों के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली हल्दी का आयुर्वेद में भी विशेष महत्व है। इसमें करक्यूमिन नामक यौगिक होता है, जो एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है। हल्दी को तेल के रूप में भी इस्तेमाल



## घातक रोगों के सम्बन्ध कुछ रोचक बिंदु

वर्तमान में स्वास्थ्य के प्रति जारूकता तो बढ़ी पर पर उन पर पालन नहीं करने से घातक रोग जैसे कैंसर ,मधुमेह आदि बीमारियां हम अनचाहे में बुला लेते हैं ।जैसा कहा गया हैं की यदि आप पथ्य से रहेंगे तो चिकित्सा/चिकित्सक की जरूरत नहीं और अपथ्य से रहने पर भी चिकित्सा / चिकित्सक की आवश्यकता नहीं।

1 . तेल के पुनः उपयोग के लिए नहीं, 2 . कोई पाउडर दूध नहीं, 3 . नो मैगी क्यूब्स, 4. कोई कार्बोनेटेड जूस नहीं (32 चीनी क्यूब प्रति लीटर), 5 . कोई प्रसंस्कृत शर्करा नहीं, 6 . कोई माइक्रोवेव नहीं,7 . कोई प्रसवपूर्व मैमोग्राम नहीं, लेकिन इकोमामर का उपयोग किया जा सकता है,8 . ऐसी ब्रा न पहनें जो बहुत टाइट हों या काम के बाद उन्हें पहनें,इसी प्रकार टाइट जींस भी हानिप्रद हैं 9 . शराब को नहीं,10 . जमे हुए भोजन को दोबारा गर्म करने के लिए नहीं,11 . पानी को फ्रिज में प्लास्टिक की बोतलों में न रखें।,12 . सभी गर्भनिरोधक गोलियां अच्छी नहीं होती हैं क्योंकि वे एक महिला के हार्मोनल सिस्टम को बदल देती हैं और कैंसर का कारण बनती हैं।,13 . डिओडोरेंट्स खतरनाक होते हैं, खासकर जब शेविंग के बाद इस्तेमाल किया जाता है।, 14 . फार्मूला की तुलना में स्तनपान से कैंसर होने की संभावना कम होती है।,15 . कैंसर कोशिकाएं ज्यादातर चीनी और सभी कृत्रिम चीनी, यहां तक कि भूरी भी खाती हैं।, 16 एक कैंसर रोगी जो अपने आहार में चीनी से परहेज करता है, वह पाता है कि उसकी बीमारी कम हो गई है और वह एक लंबा जीवन जी सकता है। चीनी = नश्वर शत्रु।, 17 . एक कप बियर शरीर में 5 घंटे तक रहता है और इस दौरान इस कप की वजह से सिस्टम के अंग धीमी गति से काम करते हैं।18 संतुलित और सुपाच्य आहार करे .19 मांसाहार ,मछली अंडा शराब का सेवन बिलकुल न करे .20 आजकल पैक्ड भोजन का सेवन न करे 21 स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे 21 सामान्य निद्रा कम से कम 7 घंटे लेना चाहिए .22 सकारात्मक सोच रखे .23 होटल का भोजन करने से जितना अधिक बच सके बचना चाहिए।

# ये फूड्स दूर कर देंगे सिरदर्द, दवाईयों की जगह करें इनका सेवन

आजकल के बिजी लाइफस्टाइल के कारण अपनी सेहत का ध्यान रखना थोड़ा सा मुश्किल हो गया है। ज्यादा स्क्रीन टाइम के कारण आंखों और सिरदर्द जैसी समस्या होने लगती हैं। कई बार तो सिरदर्द इतना ज्यादा होने लगता है कि काम में भी ध्यान नहीं लग पाता। जिसके कारण बहुत से लोग दवाईयों का सेवन करना शुरु कर देते हैं। परंतु बाद में इन दवाईयों का आपके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, अपनी डाइट में कुछ फूड्स को शामिल करके आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...



### दही

सिरदर्द जैसी समस्या से राहत पाने के लिए आप कैल्शियम से भरपूर फूड्स का सेवन जरुर करें। दही में भी भरपूर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है। इसके अलावा इसमें राइबोफ्लेविन भी होता है जो विटामिन-बी का हिस्सा होता है। यह आपके सिरदर्द को दूर करने में सहायता करता है। इसलिए आप रोज दही का सेवन करें। यदि आप दही नहीं खाना चाहते तो रायता या फिर इसकी छाछ बनाकर भी पी सकते हैं।

### अदरक

आप अदरक का सेवन भी सिरदर्द को दूर करने के लिए कर सकते हैं। यह एक ऐसा सूपरफूड होता है जो सिरदर्द को कम करने में सहायता करता है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व रुट प्रोस्टाग्लैंडीन को ब्लॉक करते हैं, जिससे आपको सिरदर्द में काफी आराम मिलता है। आप अदरक की चाय बनाकर इसका सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा आप अदरक को अपने खाने में भी शामिल कर सकते हैं।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

आप हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन कर सकते हैं। यह शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। यदि आपको लगातार सिर में दर्द रहता है तो आप इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। हरी सब्जियों में मैग्नीशियम पाया जाता है। मैग्नीशियम की कमी के कारण भी सिरदर्द होने लगता है। आप पालक, कोलार्ड ग्रीन्स, शलजम, साग और ब्रोकली अपने डाइट में शामिल कर सकते हैं। पालक में 24 मिलीग्राम मैग्नीशियम मौजदू होता है जो आपके स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है।

### फ्रूट्स करें शामिल

फल भी स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। जिन फलों में मैग्निशियम, पोटेशियम पाया जाता है खासकर वह आपकी सिरदर्द जैसी समस्या के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। आप केले का सेवन सिरदर्द से राहत पाने के लिए कर सकते हैं। इसमें पोटेशियम, मैग्नीनिशयम और विटामिन-बी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। केले के अलावा आप खुबानी, एवोकाडो, रास्पबेरी, खरबूज और तरबूज का सेवन भी कर सकते हैं। सिरदर्द का एक कारण डिहाइड्रेशन भी हो सकता है। डिहाइड्रेशन दूर करने के लिए आप पानी से भरपूर फ्रूट्स का सेवन करें।

# बालों के लिए किस तरह फायदेमंद हैं बियर, शैंपू करने का तरीका

सभी चाहते हैं कि उनके बाल स्वस्थ, मुलायम और घने बने। आज के समय में धूल, प्रदूषण और नमी के कारण बालों को काफी तकलीफें उठानी पड़ती हैं। खासतौर से मॉनसून के दिनों में बालों को खास देखभाल की जरूरत होती हैं। इसके लिए कई लोग बियर का इस्तेमाल का सकते हैं जिसमें विटामिन बी, माल्टोज और ग्लूकोज की प्रचुर मात्रा होती है। बियर प्रोडक्ट के रूप में आजकल बाजार में शैंपू मिल जाता हैं जो बालों को पोषण देने के साथ ही कई तरह से फायदे पहुंचाता हैं। आज हम आपको बियर शैंपू लगाने के तरीके और इससे मिलने वाले फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। आइये जानते हैं इसके बारे में...




### बालों को मजबूत बनाए

बालों को मजबूत बनाने के लिए बियर शैंपू बहुत फायदेमंद माना जाता है। आजकल प्रदूषण, धूल और गर्मी के कारण बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं। इस वजह से बाल टूटने झड़ने लग जाट हैं। ऐसे में बियर शैंपू का इस्तेमाल करने से बाल मजबूत बनते हैं। इसमें विटामिन बी12 है जो बालों को मजबूती देता है। अगर आप भी मजबूत बाल चाहते हैं तो बियर शैंपू का इस्तेमाल करें।

### रूसी की समस्या दूर करे

बालों की रूसी की समस्या में भी आप बियर शैंपू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन और विटामिन बी पाया जाता है जो रूसी की समस्या को दूर करने में मदद करता है। बियर शैंपू का इस्तेमाल करने से बाल सिल्की और शाइनी बनते हैं।

### बालों को वॉल्यूम दे

अगर आपके बाल पतले हैं तो बालों को वॉल्यूम देने के लिए बियर शैंपू का इस्तेमाल करें। इसके इस्तेमाल से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। इससे बाल मजबूत और बाउंसी बनते हैं। बियर शैंपू में कॉपर, मैग्नीशियम और आयरन जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो बालों को बहुत फायदा पहुंचाते हैं। यदि आपके बाल पतले हैं, तो चिंता न करें! बीयर शैंपू यहां अद्भुत काम करता है। अगर आपको बाहर जाना है और कुछ ग्लैमरस लुक चाहिए, तो बीयर शैम्पू से अपने बालों को शैम्पू करें। बीयर में एक्टिवेटिड यीस्ट होता है जो, रोम से बालों के हर स्ट्रैंड को ऊपर उठाने में मदद करता है

### कंडीशनर के तौर पर करें इस्तेमाल

आप बियर शैंपू का इस्तेमाल कंडीशनर के तौर पर भी कर सकते हैं। बियर शैंपू लगाने से बाल सिल्की और मजबूत बनते हैं। इस शैंपू का इस्तेमाल करने के बाद आपको कंडीशनर की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर आप खूबसूरत और शाइनी बाल चाहते हैं तो बियर शैंपू का इस्तेमाल करें।

### सिर की तैलीय त्वचा से छुटकारा दिलाए

बियर में एसिड होता है, जो सिर की तैलीय और ग्रीसी त्वचा से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। ये सिर की त्वचा में तेल के उत्पादन को नियंत्रित करता है और अधिक गंदगी को साफ़ करता है।

### बालों में चमक लाता है

यदि आपके बाल बेजान हैं, तो आप बीयर शैम्पू का उपयोग करके बहुत खुश होंगी। इसमें मौजूद विटामिन- बी बालों में शाइन लाता है। बीयर एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो आपके लॉक्स में चमक जोड़ता है। यह बालों को एक आकर्षक अपील देता है। यदि आपके बाल बहुत शुष्क हैं, तो आप अपने बालों को शैम्पू करने से पहले बियर हेयर मास्क का उपयोग कर सकती हैं।

### कैसे करें बालों को शैंपू

आप अपने बालों को धोने के लिए जिस भी शैंपू का इस्तेमाल करते हैं उससे शैंपू कर लें। लेकिन ऐसा करते समय ध्यान रखें, कि कंडीशनर करने से बचें। बालों को कंडीशनर करने के लिए आप बीयर का इस्तेमाल करने वाले हैं। शैंपू से अच्छी तरह बालों को धो लेने के बाद फ्लैट बीयर को अपने बालों में डालें और कुछ मिनट तक स्कैल्प पर रहने दें। लगभग 1 मिनट तक हल्के हाथों से बालों की मसाज करें। इसके बाद अपने बाल धो लें। ध्यान रहे, बीयर को पूरी तरह बालों पर से न धोएं, उसकी थोड़ी मात्रा बालों पर शेष रहने दें। बाद में बालों को सुखा लें।

# याद्दाश्त बढ़ाने के लिए अपनाएं ये तरीके



आजकल व्यस्त जीवनशैली और असंतुलित खानपान से लोगों की याद्दाश्त प्रभावित हो रही है। हमारा पूरा शरीर दिमाग से चलता है। अगर दिमाग स्वस्थ है तभी आप अपने दैनिक कामों को अच्छी तरह से कर सकते हैं। याद्दाश्त कमजोर होने से तनाव और अवसाद जैसे रोग होते हैं।

**इस प्रकार ठीक रहेगी याद्दाश्त:** इंसान की नींद का उसकी याद्दाश्त से गहरा संबंध है। जब आप पूरी नींद लेंगे तो आपका दिमाग तरोताजा रहेगा। इसलिए दिमाग को ठीक तरह से चलाने व याद्दाश्त बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप भरपूर नींद लें।

वहीं अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से व्यायाम और योग करता है उसकी याद्दाश्त तेज होने में आसान होती है।

सिर्फ यही नहीं अपने दिमाग को संतुलित रखने व याद्दाश्त बढ़ाने के लिए भी योग और व्यायाम बहुत जरूरी है। अगर आप सुबह कुछ देर ध्यान करते हैं तो आपको स्वयं ही ताजगी का अहसास होगा।

दिन के समय कुछ देर की झपकी याददाश्त को बेहतर बनाने में कारगर है। इसलिए अगर आप कामकाजी हैं और 8 से 9 घंटे आफिस में बिताते हैं तो लंच के वक्त या बीच में कभी भी 2 से 3 मिनट के लिए झपकी जरूर लें। याद्दाश्त बढ़ाने का यह बहुत आसान और कारगार तरीका है।

बढ़ती प्रतिस्पर्धा और उसमें अपने को पिछड़ा हुआ देखकर कभी-कभी हम इतने नकारात्मक हो जाते हैं कि दिमाग ठीक से काम करना ही बंद कर देता है। अगर दिमाग ही ठीक से काम नहीं करेगा तो याद्दाश्त का कमजोर होना तय है। इसलिए अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक रखें। नकारात्मक बातों और माहौल से खुद को एकदम अलग रखें।

भागदौड़ भरी जिंदगी के चलते बहुत कम लोग हैं जो समय पर भोजन कर पाते हैं। और जो समय पर करते भी हैं उनमें जरूरी पोषक तत्वों का अभाव रहता है। हमारे खानपान का जितना असर हमारे शरीर पर पड़ता है उतना ही हमारे मस्तिष्क पर भी पड़ता है।

## राजनीतिक संरक्षण में अरबों रुपए का राशन घोटाला

मध्यप्रदेश के खाद्य विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा प्रधानमंत्री मुफ्त राशन योजना के खाद्यान वितरण में भारी गड़बड़ी को पकड़ा है। अकेले मध्यप्रदेश में अरबों रुपए का घोटाला हुआ है। इस घोटाले और भ्रष्टाचार में पीएसओ मशीनों में गड़बड़ी करके अधिकारियों की मिली भगत से राशन दुकानदारों द्वारा घोटाला किया है। राशन वितरण में प्रत्येक राज्य में इसी तरह घोटाले की शिकायतें आम है। राशन वितरकों द्वारा मशीनों में गड़बड़ी करके, हितग्राहियों को कम मात्रा में अनाज दिया गया है। हजारों लोगों को राशन नहीं देने के बाद भी उनका राशन सरकारी दस्तावेजों में बांट दिया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का राशन बड़े पैमाने पर खुले बाजार में महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। इसमें हर माह करोड़ों रुपए का घोटाला हर जिले में हो रहा है। राशन दुकानों का आवंटन राजनीतिक आधार पर पार्टी कार्यकर्ताओं को करने के कारण, इस पर रोक लगा पाना अधिकारियों के लिए भी संभव नहीं है। राशन माफिया राजनैतिक एवं अधिकारियों के संरक्षण में फल-फूल रहा है। राजधानी भोपाल की 76 राशन दुकानों की जांच में 39 राशन दुकानों की मशीनों एवं राशन वितरण में गड़बड़ी पाई गई है। खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार लगभग 50 फ़ीसदी मामलों में राशन वितरण में भारी गड़बड़ी पाई गई है।

### गड़बड़ी करने वाले अधिकारी पदोन्नत

जिन अधिकारियों के कार्यकाल में यह अरबों रुपए का घोटाला हुआ है। वह सभी पदोन्नत होकर महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए हैं। अकेले भोपाल में पिछले 6 साल से नियंत्रक के पद पर पदस्थ ज्योति शाह नरवरिया प्रमोशन पाकर डायरेक्टर बन गई हैं। इसके अलावा अन्य अधिकारी भी हैं। जिनका भोपाल से बाहर ट्रांसफर करके महत्वपूर्ण पदों पर इनकी तैनाती की गई है। जब मामले ने तूल पकड़ा तो राशन विक्रेताओं के ऊपर कार्यवाही शुरू कर दी। खाद्य विभाग एवं सरकार ने जांच केवल राशन दुकानों तक सीमित करके अरबों रुपयों के घोटाले को दबाने की काम किया जा रहा है। इसमें बड़े अधिकारी एवं राजनेताओं के संरक्षण में जो अरबों रुपयों प्रतिमाह के घोटाले हो रहे हैं। उनको रोक पाना संभव नहीं है।

### राजनीतिक संरक्षण में राशन माफिया

राशन वितरण के कार्य में जिन लोगों को राशन पहुंचाने और बांटने की जिम्मेदारी दी गई है। उनको राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। कम दाम में और फ्री में राशन आवंटित किया जाता है। इसमें अधिकारियों की मिलीभगत से यह घोटाले हर माह बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। राशन दुकानों की जांच नहीं होती है। राशन दुकानदार पूरी मात्रा में हितग्राहियों को राशन नहीं देते हैं। पीएसओ मशीन और पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी करके अरबों रुपए प्रतिमाह का घोटाला बेखौफ हर राज्य में हो रहा है। जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तो जांच के नाम पर उसको दबाने के लिए हर स्तर पर प्रयास शुरू हो जाते हैं। सरकार योजनाएं अच्छी बनाती हैं, लेकिन इन योजनाओं का क्रियान्वयन सबसे खराब होता है। जिनके जुम्मे क्रियान्वयन की जिम्मेदारी होती है। वहीं घपले और घोटाले के लिए जिम्मेदार होते हैं। यही कारण है कि भारत में 80 करोण लोगों को फ्री में अनाज दिए जाने के बाद भी लोग भुखमरी और कुपोषण के शिकार हैं। भारत में सरकारी योजनाओं में कागज पर योजनाओं का संचालन होता है। उपर से भ्रष्टाचार एवं घपलों की रुपरेखा तैयार होती है।

## कहो तो कह दूं । भारी कन्फ्यूजन है भैया, किसकी मानें किसकी ना मानें

चैतन्य भट्ट



बहुत बड़े कन्फ़्यूजन से गुजर रहे हैं हम इन दिनों ,प्रदेश और प्रदेश के शहरों की सड़कों को लेकर अपने नेताओ के बयानों से, कि आखिर किसकी मानें किसकी ना मानें, एक मुख्यमंत्री है और दो उनके ही अपने मंत्री, तीनो अलग अलग बात कह रहे है अब अपन तो हैं जनता अपने लिए तो नेताओं,मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों की बातें तो पत्थर की लकीर होती है सो मान लेते हैं लेकिन जब तीनो अलग अलग बातें करें तो कन्फ्यूज होना लाजमी है न। हम बताये देते हैं अपने कन्फ्यूजन का राज, तो सुनो अपने मामाजी यानि प्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान साहेब एक दिन भोपाल की सड़कों पर निकल पड़े, बैठे तो कार में थे लेकिन गड्ढे तो गड्ढे होते हैं आप कितनी भी मंहगी कार में बैठ जाओ जब कार गड्ढे में गिरेगी तो धचके तो लगेंगे ही और यही मामाजी के साथ हुआ। कमर में, गर्दन में दर्द होने लगा बस मामाजी का पारा चढ़ गया वैसे भी वे आजकल एंग्री यंग मैन की भूमिका में है सुबह सुबह पी डब्लू डी के तमाम अफ़सरों को बुला लिया और दी बत्ती ।अल्टीमेटम दे दिया कि पंद्रह दिनों के भीतर तमाम सड़कें ठीक कर दें वरना सबको देख लूँगा। मामाजी आजकल रोजाना किसी न किसी को चेतवानी देते रहते हैं लेकिन लगता है कि ये मोटी चमड़ी वाले अफसरों को उनकी चेतावनी का कोई असर होता नहीं है लेकिन जब प्रदेश के मुखिया को सड़कों पर धचके लगेंगे तो फिर हो सकता है सड़कें सुधर जाएं। इधर मुख्यमंत्री प्रदेश और शहरों की सड़कों को खराब बतला रहे थे उधर उनके ही पीडब्लूडी मंत्री अपने गढ़ा कोटा निवासी गोपाल भार्गव रोड सेफ्टी के कार्यक्रम में कह रहे थे कि प्रदेश में सड़कें बहुत अच्छी है इसलिए रोड ऐक्सिडेंट हो रहे हैं लोग बाग़ सपाट सड़कों पर गाड़ियां दौड़ाते हैं तो एक्सीडेंट ज्यादा होने लगते हैं, अब वे पी डब्लू डी मंत्री है उनकी जिम्मेदारी सड़कों की है तो उनकी बात पर भी यकीन करना पड़ेगा न । उधर सिंधिया जी के खास कहे जाने वाले ऊर्जा मंत्री तोमर साहेब ने तो हद ही कर डाली। ग्वालियर के कुछ इलाकों की सड़कों पर जब वे घूम रहे थे तो खराब सड़कें देख उनका पारा भी आसमान पर चढ़ गया तुरत फुरत उन्होंने उस इलाके की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगी और अपने पैरो की चरण पादुकायें यानि जूते उतार कर प्रतिज्ञा ले ली कि जब तक सडकें नहीं सुधर जाती वे नंगे पांव चलेंगे ,अपने को तो लगता है की जिस तरह की अफसर शाही प्रदेश में हावी है मंत्री जी को शायद ही जूता पहनने का सौभाग्य प्राप्त हो सके अफसरों का क्या है आप नंगे पांव चलो या चप्पल पहन कर चलो उनकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ेगा, ये जरूर है कि मंत्री जी का जूते चप्पलों का खर्चा बचाने लगेगा, अब आप लोग ही बतलाओ कि हम किसकी माने ,सड़कें ख़राब है या अच्छी एक पहेली बन गई है जिसका उत्तर खोज खोज अपन परेशां हैं लेकिन हल नहीं मिल रहा वैसेअपना ख्याल ये है कि मुख्यमंत्री को अपने मंत्रियों से भी पहले सलाह कर लेना चाइये कि अपन क्या बोलें क्या न बोलें ।

### वंदे भारत से एलर्जी है क्या जानवरों को

पता नहीं इन गाय, भैंसों और सांडों को वंदे भारत ट्रेन से क्या एलर्जी हो गयी है कि आये दिन वे उससे भिड़ जाते है अभी एक दिन एक गाय माताजी वंदे भारत से भिड़ गयी तो उस का आगे का हिस्सा टूट गया जैसे तैसे उसकमें सुधार कार्य हुआ तो फिर एक भैंस सामने आकर भिड़ गई फिर वो ही हुआ फिर सुधार कार्य करवाना पड़ा ,अब एक सांड महोदय वंदे भारत ट्रेन से जाकर भिड़ गए ,जाहिर सी बात है कि जब गाय और भैस के टकराने से वंदे भारत के परखच्चे उड़ सकते हों तो सांड के सामने उसकी क्या औकात होगी। पशु विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, रेलवे के अधिकारी हलाकांन हैं कि देश भर में इतनी ट्रेने चल यही है कभी कोई जानवर इनसे भिड़ने नहीं आता लेकिन जब से वंदे भारत ट्रैन क्या चालू हुई है गैया भैंस सांड उसको अलसेट देने में जुट गए हैं, अपने को लगता है कि या तो इन्हें ये ट्रेन पसंद नहीं आ आ रही है या फिर उसका टाइम टेबल इनके पास अभी तक पंहुचा नहीं है इसलिए ये भिड़ंत होती रहती है ,अपनी तो रेलवे के अफसरों को एक ही सलाह है कि जंहा जंहा से ये वंदे भारत ट्रैन गुजरती है उसकेआसपास के इलाके की गौशालाओं में डेयरियों में इस ट्रेन का टाइम टेबल चस्पा करवा दो ताकि उधर की गैया भैंसियों को पता लग सके कि अब ये ट्रेन गुजरने वाली है तो वे किनारे खड़े होकर उसके गुजरने का इन्तजार कर सके यदि ऐसा नहीं किया तो इस ट्रैन को आये दिन सुधरवाना पडेगा, एक दूसरा उपाय ये है कि किसी गुनिया या तांत्रिक से झाड़ फूंक करवा लो हो सकता है जब ये ट्रैन चालू हुई हो उस वक्त राहु काल चल रहा हो राहु का जाप इससे मुक्ति दिला सकता है ऐसा अपना सोचना है।

### मुस्कुराने वाले दिन बचे हैं क्या?

एक स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी है उसने एक शोध कार्य किया है जिसमें ये बताया गया है की इंसान जब मुस्कुराता है तो उसकी मसल्स खिचती है और अच्छे यानि गुड हार्मोन्स रिलीज होते हैं और जब अच्छे हार्मोन रिलीज होते है तो जाहिर है कि इंसान स्वस्थ रहता है, वैसे मुस्कुराना भी अपनी एक अदा होती है। फिल्मों में जब हीरोइन मुस्कुराती है तो हीरो का दिल बाग़ बाग़ हो जाता है, जब कोई छोटा बच्चा मुस्कुराता है तो उसके मां बाप कितने खुश होते हैं। लोग बाग़ एक दूसरे से मिलते हैं तो मुस्कुरा कर ही मिलते हैं यानि एक दूसरे के प्रति प्रेम का भाव दर्शाते हैं कोई जब मुस्कुराता है तो उसके गाल में गड्ढे पड़ जाते है जो खूबसूरती का प्रतीक माने जाते हैं अपने यंहा तो ये भी कहा जाता है कि जिसके गाल में मुस्कुराते वक्त गड्ढे पड़ते हों उसकी सास उसे बहुत प्यार करती है अब इसमें कितनी सचाई है ये किसी गाल में गड्ढे पड़ने वाले से पूछना पडेगा ,बहरहाल शोध कह रहा है कि मुस्कुराइए और सरकारें कह रही हैं कि खबरदार जो मुस्कुराए,। अब पेट्रोल सौ से ऊपर है, नौकरी मिल रही नहीं है, बेरोजगार दर दर भटक रहे हैं, आधे से ज्यादा लोग गरीबी रेखा के नीची आ गए हैं, कोरोना ने लोगो की नौकरियां ख़त्म कर दी हैं, जिनकी बची है वे कटी हुई तख्वाह पर काम कर रहे हैं अब आप ही बताओ ऐसे में आदमी को रोने से फुरसत मिले तो वो मुस्कुराये। शोध वालों का क्या है उन्हें तो शोध करने के लिए पैसे मिले होंगे तो उन्होंने शोध कर लिया , किसी दिल जले से पूछते और उसको बतलाते कि आप मुस्कुराओ तब पता चलता कि उसकी तरफ से मुस्कराहट आती या चांटा ।

### सुपरहिट ऑफ़ द वीक

**घर केकाम के लिए बाई रख लें क्या? श्रीमान जी ने श्रीमती जी से पूछा**

**बिलकुल नहीं श्रीमती जी बोली**

**पर क्यों श्रीमान जी ने फिर पूछा**

**मैं आपकी आदत अच्छी तरह जानती हूं भूल गए कि पहले मैं भी बाई ही थी श्रीमती जी ने उत्तर दिया**

## व्यक्ति-निर्माण समाज पर निर्भर

व्यक्ति का निर्माण केवल उसी पर नहीं, बहुत कुछ अंशों में समाज पर निर्भर है।इसलिए उसे अपने निर्माण को समाज के निर्माण में देखना है। सफलता का पहला सूत्र है- मूल्यों का परिवर्तन। समाज का निर्माण मूल्यों के परिवर्तन से ही होता है। स्वार्थ और संग्रह, ये दोनों मूल्य जब विकसित होते हैं तब व्यक्ति पुष्ट होता है और समाज क्षीण। क्षीण समाज में समर्थ व्यक्तित्व विकसित नहीं हो पाते। आज का समाज सही अर्थ में क्षीण है। उसे पुष्ट करने के लिए स्वार्थ और विसर्जन के मूल्यों को विकसित करना जरूरी है। इनसे समाज पुष्ट होगा। पुष्ट समाज में समर्थ व्यक्तित्व पैदा होंगे। क्षीण कोई नहीं होगा। मैंने देखा है स्वार्थ और संग्रह परायण समाज ने अनेक प्रकार की क्रूर्ताओं और अनैतिकताओं को जन्म दिया है। इसे बदलना क्या आज के सामाजिक व्यक्ति का कर्तव्य नहीं है? सफलता का दूसरा सूत्र है- शक्ति का विकास। शक्ति के दो स्रोत हैं- मानसिक विकास और संगठन। मानसिक विकास के लिए धर्म का अभ्यास और प्रयोग करना जरूरी है। संगठन की शक्ति का विस्फोट इतना हुआ है कि अब इसमें कोई विवाद ही नहीं है। हमारे पूज्य भिक्षु स्वामी ने संगठन का मूल्य दो शताब्दी पूर्व ही समझ लिया था। उनके अनुयायियों को क्या उसे अब भी समझना है। वात्सलता और सहानुभूति को विकसित किए बिना संगठन सुदृढ़ नहीं हो सकता। आज सबकुछ शक्ति-संचय के आधार पर हो रहा है। इसलिए संगठन अब अनिवार्य हो गया है। छोटे-छोटे प्रश्न इस महान कार्य में अवरोध नहीं बनने चाहिए। सफलता का तीसरा सूत्र है- शातौर परिवर्तन का यथार्थ-बोध। कुछ स्थितियां देशकालातीत होती है। उन्हें बदलने की जरूरत नहीं है, किंतु देशकाल सापेक्ष स्थितियों का देशकाल के बदलने के साथ न बदलना असफलता का मुख्य हेतु है।

## सभी वर्गों को जोड़ने संघ का अभूतपूर्व अभियान

सनत जैन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश के सभी राज्यों में (संघ के सभी 45 प्रांतों में) सभी वर्गों के प्रोफेशनल्स और प्रभावी लोगों को संघ की विचारधारा से जोड़ने के लिए महा अभियान शुरू किया है। सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य और अरुण कुमार इस काम को देख रहे हैं। संघ ने भारत के सभी राज्यों के सभी वर्गों के शिक्षा एवं प्रोफेशनल जगत से जुड़े हुए प्राध्यापक, सभी स्कूलों के शिक्षक, अधिवक्ता, आईटी विशेषज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी, सेवानिवृत्त राज्य अधिकारी, चिकित्सकों, खिलाड़ियों, किसानों और हर युवा वर्ग को जोड़ने के लिए रोजगार टोली, नवाचार टोली, पत्रकारिता जगत से जुड़े हुए सभी पत्रकार, साहित्यकार, सोशल मीडिया से जुड़े प्रबुद्धजनो को जोड़ने के लिए, उसी समूह में काम करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है।

संघ ने इस अभियान के लिए देश के 11 क्षेत्रों के 45 प्रांतों के पदाधिकारियों के बीच में बांटा है। उपरोक्त वर्ग के सभी प्रतिष्ठित लोगों को यहां तक कि सभी समाज के साधु-संतों को भी संघ की विचारधारा और कार्यों से जोड़ने के लिए सबसे मिलने और उन्हें बैठकों में लाने का अभियान शुरू किया है। संघ का मानना है, कि सभी वर्गों को जोड़ने के लिए कम से कम सप्ताह में अथवा माह में एक बार इस तरह की संगोष्ठी आयोजित की जाए। जिसमें सभी वर्गों के लोग खुलकर भाग लें। संघ के प्रशिक्षित प्रचारक और स्वयंसेवक उस वर्ग की समस्याओं पर चर्चा करें। उन्हें संघ की विचारधारा से अवगत कराएं। साप्ताहिक या मासिक बैठक में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। ताकि संघ की विचारधारा का फैलाव सारे देश में एक समान हो सके। लोगों में सरकारों के प्रति जो गुस्सा है। वह भी कम हो सके। इसके लिए उनकी समस्याओं पर चर्चा करना जरूरी हो गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले साल 5 राज्य जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान इत्यादि राज्य शामिल हैं। सबसे पहले इन राज्यों को इस महा अभियान में शामिल किया गया है। अगले 6 माह में देश के सभी राज्यों में, 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए इस महाअभियान को संचालित करने की जिम्मेदारी प्रचार को और स्वयंसेवकों को सौंपी गई है।



संघ ने सप्ताह पखवाड़े और महीने के आधार पर इस तरह की बैठकें करने उसका प्रचार-प्रसार करने के लिए पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। इस महाअभियान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि सभी वर्गों के बीच में उनकी जो मूल समस्याएं हैं, जो उनकी चिंताएं हैं, उसी को आधार बनाकर उन पर सहानुभूति प्रदर्शित करें। उन समस्याओं को जल्द कैसे दूर किया जा सकता है, इस पर चर्चा करें। बैठक में आए लोगों को भावात्मक रूप से संघ की विचारधारा और संघ के कैडर से जोड़ने का प्रयास करें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 84 से ज्यादा अनुवांशिक संगठन हैं। जो अलग-अलग क्षेत्रों में कई वर्षों से काम कर रहे हैं। उन्हें ही यह जिम्मेदारी दी गई है, कि वह वर्ग के आधार पर, रोजगार के आधार पर, काम-धंधे के आधार पर, किसानों की समस्याओं के आधार पर, श्रमिकों के उत्थान को लेकर, शिक्षा और धर्म को लेकर जो कार्य पहले से कर रहे थे, उसका विस्तारीकरण आम आदमी तक करें। ताकि संघ की विचारधारा से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जा सके। इसके लिए व्यापक स्तर पर संघ ने योजना तैयार की है। अगले साल के पांच राज्यों के चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए जीतना संघ के लिए भी अति आवश्यक है। संघ की हिंदू राष्ट्र की जो परिकल्पना है। उसके लिए भाजपा का चुनाव जीतना संघ के लिए भी अति आवश्यक है। संघ सूत्रों के अनुसार यह सारी कवायद 2024 के लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में की जा रही है। पिछले कुछ महीनों में जिस तरीके से केंद्रीय नेतृत्व और राज्य सरकारों के कामकाज, महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी और सामाजिक मुद्दों को लेकर जो नाराजी लोगों में बनी है। उसको दूर करने की जवाबदारी पदाधिकारियों को दी गई है। पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों को हर हालत में समयबद्ध तरीके से संघ की विचारधारा से जोड़ने और अधिक से अधिक विस्तार करने का दायित्व सौंपा गया है। क्योंकि यही लोग अपने विशेष वर्ग के मतदाताओं को मतदान से जोड़ेंगे।

## स्वर्णिम मध्यप्रदेश- सपना नहीं अब हकीकत

### सूडोकु नवताल- 6237

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

#### सूडोकु नवताल 6236 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

निलय श्रीवास्तव

### (1 नवम्बर को मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस)

मध्यप्रदेश देश का हृदय स्थल है। विभिन्न धर्म, सम्प्रदाय, कला- संस्कृति का समागम यहाँ देखने को मिलता है। दूसरे राज्यों के लोगों को मध्यप्रदेश भाता है यही वजह है कि देश के अन्य प्रांतों के लोगों का अक्सर यहाँ आना जाना बना रहता है। पुरातत्व स्थलों की एक झलक पाने तो कहीं धार्मिक स्थलों का महत्व जानने, उन्हें देखने के लिए सैलानियों का बड़ी संख्या में यहाँ आवागमन होता है। अभी कुछ दिन पूर्व ही उज्जैन के महाकाल मंदिर को नया स्वरूप मिला है। महाकाल लोक के इस नये स्वरूप से मध्यप्रदेश की पहचान एक बार फिर देशभर में स्थापित हुयी है। महाकाल लोक जैसे ही दर्शनार्थियों के लिए खोला गया, दूसरे राज्यों से यहाँ तक कि विदेशों से भी सैलानियों को बड़ी संख्या में महाकाल लोक के दर्शन लाभ लेते देखा गया। मध्यप्रदेश में ऐसे अनेक धार्मिक तथा पुरातात्विक स्थल हैं जहाँ आर्कषक साज- सज्जा तथा नये सिरे से पुनरोद्वार कर उन्हें एक नया स्वरूप प्रदान किया जा सकता है। इस दिशा में मध्यप्रदेश सरकार बेहतर प्रबंधन कर आवश्यक संसाधन जुटा सकती है। सौभाग्य की बात है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान धर्म प्रेमी तथा कला- संस्कृति के उपासक हैं, इसलिए इस काम को वे गति दे सकते हैं। यहाँ बता दें कि महाकाल लोक की ही तरह अन्य धार्मिक स्थलों के



संरक्षण और रखरखाव को यदि प्रमुखता देकर उनका पुनरोद्धार कराया जाये तो मध्यप्रदेश आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या जैसे- जैसे बढ़ेगी, मध्यप्रदेश के राजस्व में वृद्धि होने के साथ- साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी सुलभ होंगे। इतिहास साक्षी है, अमरकंटक से निकलकर खंभात की खाड़ी तक अविरल प्रवाह में बहने वाली जीवन दायिनी नर्मदा नदी यहाँ है तो विश्व प्रसिद्ध खजुराहों के कलात्मक मंदिर। विश्व प्रसिद्ध खजुराहों एक ऐसा स्थल है जो विदेशी पर्यटकों में निरंतर लोकप्रिय है, खजुराहों के कलात्मक मंदिर तथा सांची के स्मारक अपने गौरवशाली अतीत को दर्शाते हुए विश्वभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं । इनके रखरखाव तथा संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के कारण यहाँ आने वाले विदेशी पर्यटकों को कोई असुविधा नहीं होती तथा वे इन्हें देखकर रोमांचित होते हैं। इनके अलावा ओरछा के मंदिर, प्रदेश के तीन देवी शक्तिपीठ और ऐतिहासिक प्राचीन स्थल भी यहाँ हैं जिन्हें देखकर अहसास होता है कि पूर्वकाल में मानव एक-दूसरे के धर्मों के समावेश में विश्वास रखता था। इन बेशकीमती स्थलों का संरक्षण और रखरखाव निरन्तर बना रहना चाहिये ताकि मध्यप्रदेश में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या बढना प्रदेश के लिये गौरव की बात होगी। मध्यप्रदेश सरकार इन पुरातात्विक तथा धार्मिक स्थलों के संरक्षण का दायित्व पूरी निष्ठा के साथ निभा रही है। प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चैहान स्वयं समय- समय पर इन वैभवशाली स्थलों का निरीक्षण करते हैं। सुखद समाचार है कि कुछ महत्वपूर्ण स्थलों का नये सिरे से पुनरोद्वार कर उन्हें नया स्वरूप देने की कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। इस तरह विकास की ऊँचाईयों का नित् नया स्पर्श कर मध्यप्रदेश ने देश के अन्य राज्यों के समक्ष नजीर पेश की है। कहने में अतिश्योक्ति नहीं कि यहाँ की योजनाओं, कला- संस्कृति तथा विभिन्न कार्यक्रमों को लोगों ने सराहा है। पिछले डेढ़ दशक के दौरान न सिर्फ यहाँ की कला संस्कृति को अभिनव पहचान मिली बल्कि देश के बाहर से भी लोगों ने आवागमन शुरू किया। कोई उद्योग लगाना चाहता है तो कोई शिक्षा के क्षेत्र में अपना भाग्य आजमाना चाहता है। प्रदेश के वह गांव जहाँ कोई जाना नहीं चाहता था, आज वहाँ हर व्यक्ति पढ़ा-लिखा तथा अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक दिखाई देता है। यह किसी भी प्रदेश के लिये निश्चित रूप से गौरव की बात है। इस तरह दिखावे और प्रतिस्पर्धा से दूर मध्यप्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर विकास की नित् नयी ऊँचाईयों को स्पर्श कर रहा है।

## मोरबी पुल टूटने की सजा किसे?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

गुजरात के मोरबी में जो पुल टूटा है, उसमें लगभग पौने दो सौ लोगों की जान चली गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए। मृतकों के परिजनों को केंद्र और गुजरात की सरकारें 6-6 लाख रु. का मुआवजा दे रही हैं और घायलों को 50-50 हजार का लेकिन यहां मूल प्रश्न यह है कि क्या सरकार की जिम्मेदारी सिर्फ इतनी ही है? जो लोग मरे हैं, उनके परिजन 6 लाख रु. के ब्याज से अपना घर कैसे चलाएंगे? कई परिवार बिल्कुल अनाथ हो गए हैं। सबसे ज्यादा महिलाएं और बच्चों की मौत हुई है। कोई आश्चर्य नहीं कि उस पुल के हादसे में मृतकों की संख्या अभी और बढ़ जाए। लगभग 200 साल पुराने इस पुल की हालत काफी खस्ता थी। कई बार उस पर टूट-फूट हो चुकी है। गुजरात सरकार ने इस पुल के संचालन का ठेका एक गुजराती कंपनी को दिया था। पुल पर आने वाले हर यात्री को वह 17 रुपए का टिकट बेचती थी। लगभग 100 लोगों के एक साथ पुल पर जाने की सुविधा थी लेकिन उस दिन कंपनी ने लालच में फंसकर लगभग 500 टिकट बेच दिए। पिछले सात महिने से उसकी मरम्मत का काम जारी था। अब छठ पूजा के नाम पर 26 अक्तूबर को यह पुल यात्रियों के लिए खोल दिया गया। पिछले चार-पांच दिनों में सैकड़ों लोग उस पुल पर जमा होते रहे लेकिन कल शाम वह अचानक बीच में से टूट गया। सैकड़ों लोग इसलिए मौत के घाट उतर गए और घायल हो गए कि ऐसी दुर्घटना की संभावना के विरुद्ध कोई सावधानी नहीं बरती गई। यह सावधानी किसे रखनी चाहिए थी? गुजरात सरकार को लेकिन गुजरात के अधिकारियों का कहना है कि उस पुल को खोलने की अनुमति उन्होंने नहीं दी थी। ठेकेदार ने अपनी मर्जी से ही पुल खोल दिया था। यदि ठेकेदार ने पुल खोल दिया तो स्थानीय अधिकारी क्या ऊंघ रहे थे? उन्होंने क्यों नहीं जांच की? क्यों नहीं प्रमाण-पत्र मांगा? क्यों नहीं ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की? जाहिर है कि सरकार और ठेकेदार दोनों ही इस सामूहिक हत्याकांड के लिए समान रूप से जिम्मेदार हैं। यह ठीक है कि कल शाम से गुजरात के मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार ने भी यात्रियों को बचाने में जमीन-आसमान एक कर रखा है लेकिन इस दुर्घटना ने गुजरात सरकार के मस्तक पर काला टीका लगा दिया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के विभिन्न समारोहों में तरह-तरह के भाषण देते फिर रहे हैं लेकिन उनकी कौन सुन रहा है। टीवी दर्शक भी उनके भाषणों के बजाय मोरबी-दुर्घटना के बारे में ज्यादा देखना, सुनना और पढ़ना चाह रहे हैं। उनके इन भाषणों से भी ज्यादा उनका वह भाषण इंटरनेट पर करोड़ों लोग सुन रहे हैं।

# मनमाने ट्रांसफरो से शिक्षकों में खुशी की लहर , अर्धवर्षिक परीक्षाएं भी प्रस्तावित

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज** – मध्य प्रदेश सरकार सरकारी कर्मचारी-अधिकारियों को सौगात पर सौगात देती जा रही है. पहले जहां समय से पहले वेतन मिला, तो वहीं शिक्षकों के अब मनचाहे तबादले हुए है, जिस में लंबे समय से शिक्षक तबादला नीति का इंतजार कर रहे थे लेकिन बीते समय पहले मुख्यमंत्री जी के द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करवाने के बाद शिक्षकों को मनचाहा जगह पोस्टिंग कर दी गई है जिससे शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है , एवं कई ऐसे शिक्षक जो वर्षों से घर से अधिक दूर थे वह अब अपनी मनमानी पोस्टिंग से घर पहुंच सकेंगे

लेकिन वहीं दूसरी ओर जहां प्राथमिक माध्यमिक ,विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ होने वाली है जिनकी तैयारियों में शिक्षक लगे हुए थे लेकिन तबादला प्रक्रिया होने के बाद से ही शिक्षक अपनी तबादला की प्रक्रिया को पूरा करने में लग गए हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है वही ज्ञात हो कि इस बार शासन के द्वारा कक्षा 5 और 8 को बोर्ड पद्धति पर परीक्षा कराने की बात कही जा रही है, वही जानकारी के अनुसार शिक्षा में एकरूपता लाने के उद्देश्य से सरकार के द्वारा प्राइवेट विद्यालयों मैं भी इन परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा7 मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग ने 22 अक्टूबर 2022 को नई तबादला नीति 2022 के तहत शिक्षकों के ट्रांसफर आदेश जारी कर दिए है. मध्य प्रदेश के 43 हजार 118 शिक्षकों ने मनचाही जगह तबादले के लिए स्कूल एजुकेशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए थे. इनमें से प्रदेश के 24 हजार शिक्षकों को उनकी मनचाही जगह तबादले की सौगात मिली है. इसमें नौ हजार 681 प्राथमिक शिक्षक, आठ हजार 96 माध्यमिक शिक्षक तीन हजार 835 उच्च माध्यमिक शिक्षक और अन्य एक हजार 923 शिक्षकों के ट्रांसफर किए गए है.7




### *अधिकांश ट्रांसफर हुए शहर के आसपास*

वहीं अधिकांश शिक्षकों के द्वारा अपने ट्रांसफर शहर के आसपास करवाए हैं उसका सीधा सा कारण स्पष्ट समझ आता है कि अधिकांश शिक्षकों के निवास शहरों में है एवं शहरों की आस पास की शाला चयन करने के कारण आने जाने की सुविधा को देखते हुए उन्होंने अपने ट्रांसफर लिए हैं , लेकिन यहां बड़ी विसंगति यह है कि ऐसी परिस्थिति में इंटीरियर की कई शालाये शिक्षक विहीन हो जाएंगी एवं कई शालाओं में 1-2 शिक्षक बचेंगे , क्या ऐसी परिस्थिति में इंटीरियर की शिक्षा प्रभावित नहीं होगी या फिर इंटीरियर की शालाएं अतिथि शिक्षकों के भरोसे चलेंगे क्या शिक्षा विभाग के अधिकारी इस समस्या पर भी कुछ विचार करेंगे या फिर शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए कोई और प्रयास सरकार के द्वारा किया जाएगा 7

### *कई अतिथि शिक्षक हुए बेघर*

वही जहां ट्रांसफर हुए शिक्षक अपनी मनचाही शाला में पहुंच रहे है तो वहीं दूसरी ओर वहां अल्प मानदेय पर कार्यरत अतिथि शिक्षक बेघर होते जा रहे हैं जिसमें अतिथि शिक्षक टीकाराम जाटव ने बताया कि मैं अतिथि शिक्षक गणित विषय से था लेकिन मेरी जगह स्थाई शिक्षक आ गए जिसकी वजह से मुझे हटना पड़ा है , और अब मैं अन्य शाला में जगह देख रहा हूं लेकिन अभी तक मुझे कोई जगह नहीं मिल पाई है7

### *सिरोंज में हुए 80 से अधिक ट्रांसफर*

वही जानकारी के अनुसार सिरोंज विकासखंड दो संकुलो कुल मिलाकर बना हुआ है जिसमें उत्कृष्ट संकुल से मिली जानकारी के अनुसार उत्कृष्ट संकुल में 49 लोगों का ट्रांसफर हुआ है जिसमें से कुछ शिक्षकों का ट्रांसफर जिले से बाहर भी हुआ है 7

### उत्तरीण अभ्यर्थियों की द्वितीय काउंसलिंग भी प्रक्रियाधीन

2018 परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों की पहली काउंसलिंग के बाद द्वितीय काउंसलिंग के लिए भी आवेदकों से आवेदन मंगाए गए हैं , आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है एवं चयन सूची जारी की जाना है इस प्रक्रिया में जिनका चयन पहली सूची में नहीं हो पाया था उनकी नियुक्ति की प्रक्रिया भी प्रक्रियाधीन है

## पन्ना पुलिस द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पन्ना शहर मे किया गया मार्च पास्ट

**संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पन्ना पुलिस द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया गया । पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना के नेतृत्व में पुलिस मार्च पास्ट थाना कोतवाली पन्ना से शुरू होकर कस्बा के गाँधी चौक होकर वापस अंबेडकर तिराहा आया जहाँ पर सभी पुलिस अधि0/कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस को मनाये जाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुये राष्ट्र की एकता अखण्डता को बनाये रखने हेतु शपथ दिलाई गई । इसी अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि राष्ट्रीय एकता दिवस हर साल 31 अक्टूबर को भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्होंने देश के विभिन्न भागों को एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश की एकता को सुदृढ़ करना है यह दिन देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने हेतु प्रेरित करता है । कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, एस.डी.ओ.पी. पुलिस पन्ना श्री बी.एस. बारीबा, एस.डी.ओ.पी. श्री अजय बाघमारे, डीएसपी अजाक श्री अभिषेक गौतम, रक्षित निरीक्षक श्रीमती देविका सिंह बघेल, थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना श्री अरूण कुमार सोनी, कंपनी कमाण्डर डेलन सिंह अपने पुलिस बल के साथ उपस्थित हुये ।




## गंगाबाई स्कूल में राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक नीरज सक्सेना का हुआ सम्मान

**सिरोंज पुष्पांजलि रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

वार्ड 18 पंचकुईयां स्थित गंगाबाई जगमोहनदास अग्रवाल स्कूल में आज राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक नीरज सक्सेना का सम्मान किया गया, ज्ञात हो की इस वर्ष शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा मध्य प्रदेश से एक मात्र शिक्षक नीरज सक्सेना को शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए संम्मानित किया गया था। इस अवसर पर श्री सक्सेना ने गंगाबाई स्कूल में बच्चों के बीच अपनी बात रखते हुए उन्हें पढ़ने के नवीन प्रयोग और नवाचार आधारित शिक्षण के विषय मे बताया, इससे पूर्व विद्यालय परिसर में नीरज जी का घोष की धुन पर पुष्प वर्षा कर स्वागतं किया गया एवम् विद्यालय के संचालक निखिल गोयल, श्रीमती नमिता गोयल, प्राचार्य चक्रेश्वर श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह , रामचरितमानस ,शाल श्रीफल और कलम देकर नीरज सक्सेना का सम्मान किया।



# छत्तीसगढ स्थापना दिवस पर भाजपा मनाएगी गौरव दिवस- साव

**अश्वनी अवस्थी पुष्पांजली टुडे**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा है कि प्रदेश भाजपा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर घरों में दीप प्रज्ज्वलित करेगी। प्रदेश भर में अलग-अलग जगह कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री साव ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा की तब की केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ राज्य बनाने, यहां की जनभावनाओं के अनुरूप राज्य का विकास करने के लिए हमेशा याद की जाती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार छत्तीसगढ़ के विकास की मुख्य बल्कि एकमेव भागीदार है। भाजपा की केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया और भाजपा की राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ को विकास की ऊंचाइयों पर पहुंचाया।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि अटलजी ने यह जानते हुए भी छत्तीसगढ़ राज्य स्थापित किया कि नया राज्य बनने पर संख्या बल के आधार पर भाजपा को विपक्ष में बैठना होगा। भाजपा ने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के लिए विपक्ष में बैठना स्वीकार करते हुए राज्य बनाया। क्योंकि भाजपा विकास और जनसेवा की राजनीति करती है। कांग्रेस ने राज्य की सत्ता हाथ में आते ही लोकतंत्र की हत्या की। जनता को उत्पीड़ित किया। तानाशाही की। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी और आखिरकार राज्य के पहले चुनाव में लोकतंत्र जीत गया। कांग्रेस को जनता ने 15 साल का वनवास देकर भाजपा को छत्तीसगढ़ बसाने की जिम्मेदारी सौंपी। भाजपा ने यह कर्तव्य बखूबी निभाया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि अब बीते 4 साल से छत्तीसगढ़ का विकास ठहर गया है। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार, कर्ज का बढ़ता बोझ, आर्थिक दिवालियापन की स्थिति, माफियाराज, गुंडाराज, हिंसा, हत्या, लूट, बलात्कार, अराजकता का आलम है। किंतु अब अंधकार छंटने वाला है। नया सूरज निकलने वाला है। विकास का कमल खिलने वाला है। भाजपा छत्तीसगढ़ की जनता को विश्वास दिलाना चाहती है कि जहां से विकास थमा है, उसे दोगुनी गति से पुनः शुरू करेंगे। छत्तीसगढ़ में कानून का राज स्थापित करेंगे।

## पन्ना पुलिस द्वारा मानव दुर्व्यपार को रोकने हेतु दिलाई गई शपथ



**संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** छत्रसाल पार्क पन्ना में मानव दुर्व्यापार के बारे में जागरूकता लाने हेतु उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज छतरपुर श्री विवेकराज सिंह के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपस्थित स्कूल /कॉलेज के छात्र/छात्राओं, पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों एवं आमजन को किसी भी पुरुष, महिला अथवा बच्चे को डरा–धमका कर, लालच देकर, धोखा देकर अथवा हिंसा कारित कर मानव दुर्व्यापर जैसे संगठित अपराध को न करने एवं जानकारी मिलने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को जानकारी देने हेतु शपथ दिलाई गई ।

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, एस.डी.ओ.पी. पुलिस पन्ना श्री बी.एस. बारीबा, एस.डी.ओ.पी. श्री अजय बाघमारे, डीएसपी अजाक श्री अभिषेक गौतम, रक्षित निरीक्षक श्रीमती देविका सिंह बघेल, थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना श्री अरूण कुमार सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री सूर्यभूषण मिश्रा, जिला खेल अधिकारी मोहम्मद अहमद खान, उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकायें एवं छात्र/छात्रायें ,पुलिस एवं अन्य विभाग एवं आमजन सहित लगभग 1 हजार लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुये ।

# गुनौर में कांग्रेस ने मनाई सरदार पटेल की जयंती , पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को किया याद

**संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे**

**आजाद** भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश को एकता और अखंडता के सूत्र में पिरोने वाले देश के प्रथम गृहमंत्री व उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर गुनौर में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुनौर के अध्यक्ष जय नरेश द्विवेदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस के रूप में याद किया । तो वही लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई गई । सोमवार को दोपहर ब्लाक कांग्रेस गुनौर के कार्यालय के सामने दोनों महापुरुषों के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया । उपस्थित वक्ताओं ने महापुरुषों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला तथा भारत देश को एकजुट करने में उनके योगदान को याद किया गया ।



### इनकी रही उपस्थिति -

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुनौर अध्यक्ष जय नरेश द्विवेदी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजू जैन ,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह शनीराजा, उपाध्यक्ष केशरी अहिरवार मन्डलम सिली अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन,मन्डलम सथनिया अध्यक्ष सौमेश बर्मा सेक्टर अध्यक्ष रामशिरोमणि द्विवेदी,एन एस यू आई ब्लाक अध्यक्ष अंकुल सेठिया,सुरेश बागरी,लालजी बागरी, गुड्डू राजा महुआ खेड़ा, बेद नारायण पाल,सौरभ गौतम, रामप्रकाश सेन, दयाराम गुप्ता, भैया गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे

## गोपाष्टमी महोत्सव एवं गौभक्त सम्मेलन श्री कृष्ण गौशाला में होगा आयोजित

**सिरोंज – पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

श्री कृष्ण गौशाला में आज एक नवंबर मंगलवार को गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। लक्ष्मीकांत शर्मा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में दोपहर तीन बजे आयोजित होने वाले इस आयोजन में देश और प्रदेश के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा जिसमें जानकारी देते हुए समिति के सदस्य प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने आज ही के दिन गौचारण प्रारम्भ किया था इसी उत्सव के उपलक्ष्य में पूर्व मंत्री स्व.लक्ष्मीकांत जी शर्मा द्वारा स्थापित गौशाला में प्रतिवर्ष गोपाष्टमी महोत्सव का भव्यता के साथ आयोजन किया जाता रहा है। आज के इस आयोजन में गौमाता के संरक्षण एवं संबर्धन के विषय में मुख्य अतिथि भारतीय पशु चिकित्सा परिषद पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र जी शर्मा, अध्यक्षता डॉ आर के मेहिया संचालक पशुपालन एवं डेयरी एवं प्रबंध संचालक गौ सम्बर्धन बोर्ड,विशिष्ट अतिथि के रूप डॉ भारत सुमन शर्मा रजिस्ट्रार मप्र.गौसंबर्धन बोर्ड भोपाल, डॉ प्रवीण जी शिंदे (मुख्य वक्ता) अतिरिक्त उप संचालक मप्र गौसंबर्धन बोर्ड,डॉ राकेश सिंह जादौन जिलाध्यक्ष भाजपा जिला विदिशा, समिति के सदस्य एवं विधायक उमाकान्त शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। श्रीगौशाला समिति ने नगर के सभी गणमान्य नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



# शासकीय नवीन महाविद्यालय गोहरापदर के छात्रों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**संवाददाता हेमचंद नागेश**
**पुष्पांजली टुडे**

**गरियाबंद** जिला मैनपुर विकासखंड नवीन तहसील कोर्ट अमलीपदर क्षेत्र के शासकीय नवीन मविद्यलाय गोहरापदर में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 147 वी जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया दिनाक 31-10-2022 सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जयंती मे एकता दौड़ (यूनिटि रन) का कार्यकम महाविद्यालय परिसर पर आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व विधायक (संसदीय सचिव) श्रीमान गोवर्धन सिह मांझी, शासकीय नवीन मविद्यलाय गोहरापदर के जनभागीदरी समिति के अध्यक्ष श्रीमान मेघराम बघेल, ग्राम पंचायत गोहरापदर के उप सरपंच अल्तमस् खान पंचायत गोहरापदर के पंचायत सचिव पुस्तम नागेश शासकीय नवीन मविद्यलाय गोहरापदर के प्राचार्य डॉ. टी एस सोनवानी, शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय गोहरापदर के प्राचार्य श्री बी. के. तिवारी एवं समस्त कर्मचारी राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी फाल्गुन सिंह नागेश एवं समस्त कर्मचारी एवं सभी स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं तथा ग्रामीण जन एकता दिवस का संकल्प लेकर एकता दौड़ मे सम्मिलित रहे।




# राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित की गई एकता दिवस दौड़



राष्ट्रीय एकता दिवस हर साल 31 अक्टूबर को भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्होंने कई रियासतों को भारत संघ में शामिल होने के लिए राजी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसका उद्देश्य देश की एकता का उत्थान करना और वल्लभभाई पटेल के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह दिन देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने हेतु प्रेरित करता है । आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पन्ना पुलिस द्वारा राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया । जिसमें पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर रेंज छतरपुर श्री विवेकराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति हुये । पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना के नेतृत्व में शहर के छत्रसाल पार्क में शहर के विभिन्न स्कूलो के बच्चें, खेल विभाग के अधि0/कर्म0, शिक्षा विभाग के अधि0/कर्म0, गणमान्य नागरिक, पुलिस अधिकारी / कर्मचारी एवं पत्रकार बंधुओं की उपस्थिति में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस को मनाये जाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुये देश की एकता एवं अखण्डता को बनाये रखने हेतु संकल्प लिया गया साथ ही राष्ट्र की एकता अखण्डता को बनाये रखने हेतु शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपपुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज छतरपुर द्वारा राष्ट्रीय एकता दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया । दौड़ छत्रसाल पार्क से शुरू होकर महेन्द्र भवन पुराने कलेक्ट्रेट पर पहुँचकर समाप्त हुई । इस अवसर पर दौड़ में प्रथम आने वाले बालक एवं बालिका को उपपुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज छतरपुर द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया । साथ ही उपपुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज छतरपुर द्वारा राष्ट्रीय एकता दौड़ में शामिल समस्त स्कूली बच्चों, आमजन, समस्त विभागों के अधि0/कर्मचारियों को संबोधित किया गया और देश की एकता और अखण्डता को बनाये रखने हेतु सभी को योगदान देने हेतु प्रेरित किया जाकर इस दिन के महत्व को बताया गया । कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, एस.डी.ओ.पी. पुलिस पन्ना श्री बी.एस. बारीबा, एस.डी.ओ.पी. श्री अजय बाघमारे, डीएसपी अजाक श्री अभिषेक गौतम, रक्षित निरीक्षक श्रीमती देविका सिंह बघेल, थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना श्री अरूण कुमार सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री सूर्यभूषण मिश्रा, जिला खेल अधिकारी मोहम्मद अहमद खान, उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकायें एवं छात्र/छात्रायें ,पुलिस एवं अन्य विभाग एवं आमजन सहित लगभग 1 हजार लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुये ।



# मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के संयुक्त में यात्रा साहित्य पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई सम्पन्न

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा दौलतगंज ,लश्कर , ग्वालियर एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई जिसका समापन सम्पन्न गत दिवस हुआ । मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर ( अखिल भारतीय साहित्य परिषद् से सम्बद्ध ) एवं अखिलभारतीय साहित्य परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी 29 एवं 30अक्टूबर 2022, को विवेकानंद सभागार, राष्ट्रोत्थान न्यास, माधव महाविद्यालय के सामने, लश्कर, ग्वालियर में आयोजित की गई 7÷ जीवन साफल्य का प्रतीक ÷यात्रा साहित्य÷ ÷ विषय पर भारत के विभिन्न प्रांतों से लगभग पचास से ज्यादा आमंत्रित अतिथि एवं हिन्दी के मूर्धन्य विद्वानों ने यात्रा साहित्य पर अपने आलेख वाचन किए एवं बहुत ही सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किए।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन दिनांक 30 अक्टूबर 2022, रविवार को प्रातः 9 बजे से सत्र आयोजित किए गए ।एवं शाम 4 बजे समापन समारोह आयोजित हुआ 7 समापन समारोप कार्यक्रम के मुख्यातिथि मध्यप्रदेश शासन के मंत्री माननीय भारत सिंह कुशवाह रहे । अध्यक्षता,भारतीय पर्यटन एवं प्रबंध संस्थान (आई. आई. टी .टी. एम. )ग्वालियर के डायरेक्टर प्रो. आलोक शर्मा एवं इस समापन सत्र की मुख्यवक्ता सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं साहित्य परिषद् की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. साधना बलवटे, भोपाल ने की 7 समारोप सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.साधना बलवटे ने नर्मदा यात्रा पर लालित्य पूर्ण शब्दावली में बहुत ही उपयोगी एवं नर्मदा का स्वरूप का लोक हितकारी गुणों आदि पर प्रभावी वक्तव्य प्रस्तुत किया। रेवा यात्रा पर उन्होंने कहा ÷यह कठिन रास्तों से बहुत ही मोड़ लिए हुए इस नदी की यात्रा रहती है। अन्य यात्राओं के बारे में उन्होंने कहा ÷यात्रा वृतांत व्यक्तिगत यात्रा होती है?, अगर इसमें कोई नई बात निकल कर आती है ,जो लोक हितकारी हो तो यात्रा वृतांत सार्थक होता है। यात्रा प्रभावी यदि होताती है यात्रा में, व्यक्ति को मानसिक एवं लोकहित की विचारधारा पर अपना लेखन जारी रखना चाहिए।कार्यक्रम में कार्यक्रम में प्रो डॉ. आलोक शर्मा ,डायरेक्टर भारतीय यात्रा एवं प्रबंधन संस्थान ग्वालियर ने कहा, कि यात्रा छोटी भी हो वह भी अनूठी हो सकती है यात्रा में सानिध्य की महत्ता होती है?। उन्होंने बेहट की यात्रा के सानिध्य का आधाररूप के . माधवन, नाटककार एवं राजेंद्रन को बताते हुए एक प्रभावी यात्रा का वर्णन किया जो बहुत ही भावपूर्ण रहा। समारोप सत्र के पूर्व सत्रों में रिपुदमन सिंह ,डॉक्टर अनिल कुमार डॉक्टर लखनलाल खरे,अंकित अग्रवाल ने विभिन्न यात्राओं का वर्णन किया। डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा,÷ कुरुकुत्स्य की पत्नी होने का गौरव नर्मदा नदी को ही प्राप्त हुआ है। नर्मदा नदी मध्य प्रदेश की




आत्मा है। अभिव्यक्ति है ,यहां कण-कण में भगवान है ।मध्य प्रदेश के पहाड़ भी इतने नम्र हैं, कि अगस्त ऋषि के कहने पर उन्होंने अपने उन्नत शिखर को स्थिर कर बढ़ने से रोक दिया था ।ताकि सूर्य की रोशनी बाधित ना हो। रानी झांसी ने ग्वालियर में अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। वैभव को समर्पित करने हेतु महापुरुषों ने मध्यप्रदेश को ही चुना है ।डॉक्टर लखनलाल खरे ने कहा ÷श्री गणेश जी की यात्रा कोई साधारण यात्रा नहीं है ,गणेश जी द्वारा ब्रह्मांड की परिक्रमा लगाने के प्रतिरूप में माता पिता शिव पार्वती की परिक्रमा करके एक महनीय यात्रा कर देशों में प्रथम पूज्य बने ।ओरछा में महारानी कुंवर गणेशी की यात्रा अयोध्या से ओरछा तक की प्रासंगिक है।

### इस सत्र का संचालन नेहा पाल ने किया।

इसके पश्चात अगले सत्र में संचालन डॉक्टर मंजू लता आर्य ने किया ?। जिसमें डॉ.श्रद्धा सक्सेना ने कहा कि यात्रा जब लोकहितकारी साहित्य सृजन के रूप में आती है । तो धार्मिक मान्यताओं की प्रामाणिकता को जानना ही यात्रा साहित्य है। अगली वक्ता के रूप में सुनीता यादव ने जिंदगी भर की दुखद यात्राओं पर भी अपने विचार प्रकट कर समर्पण एवं परोपकारी भाव को दर्शाया उन्होंने कहा कि÷ किसी कवि ने कहा है,÷ कि जिंदगी जीना हो तो अरमान रख, यात्रा करना है तो कम सामान रख÷इसी क्रम में डॉक्टर रविंद्र उपाध्याय ने कहा÷ कलुषित कथन का विचार करने वाले का प्रतिकार करें । कहानियों में कलुषित विचारों से बचना चाहिए जैसे राहु केतु के लिए देवताओं को बचना पड़ा?। मारीच ने भी कपट रूप रखा था उसे सीता भ्रमित हुई थी। मनुष्य परमात्मा के पास से आत्मा के रूप में जीवन में आता है। मनुष्य यात्राएं जीवन को परिवर्तित करने में समर्थ होती?। अध्यक्ष के रूप में मंचासीन रहते हुए डॉक्टर कृष्ण मुरारी शर्मा ने जिन्होंने 16 पुस्तकों का सृजन किया। उन्होंने कहां यात्रा का लेखन सरल सुभाष एवं लोक हितकारी होना चाहिए। इसके अगले सत्र में आशा वर्मा डॉक्टर मंदाकिनी, शर्मा दिलीप मिश्रा नेहा पाल एवं डॉक्टर राजरानी शर्मा ने अपने विचार रखे ।संचालन शिवानी गोस्वामी का रहा।डॉ मंदाकिनी शर्मा ने शीतला माता दर्शन यात्रा पर ,यात्रा में चरण पादुकाओं का मिलना भावनात्मक बताया। उन्होंने कहा ÷भगवान राम ने सीता को वनवास क्यों दिया, ताकि वैदेही की कोख में राज सिंहासन का उत्तराधिकारी राज भवन में पैदा ना हो। यह बनवासी समरर्पण यात्रा उसी का प्रतीक है। दिलीप मिश्रा ने शबरी के जीवन पर ल जीवन यात्रा पर बहुत ही रोचक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा इसके लिए शबरी को 85 वर्ष तक श्रीराम का इंतजार मतंग ऋषि के आश्रम में करना पड़ा। डॉ निर्मला शर्मा ने परिवार को दुख दुख सहन करने की यात्रा वृतांत को बताया डॉक्टर आशा वर्मा ने बहुत ही रोचक÷ माझा प्रवास÷हिंदी रूपांतरण अमृतलाल नागर ने किया व 1907 में प्रकाशित मराठी लेखन का उल्लेख किया। अध्यक्षता कर रही है सत्र में डॉक्टर राजरानी शर्मा ने लोक से आलोक को श्लोक तक सजाने की यात्रा यात्रा साहित्य है ।ऐसा कह कर बताया मैं सरस्वती जी लेखक की लेखनी की नोक को पर आ जाती हैं ।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड मधुसूदनगढ़ कि प्रखंड बैठक व हुतात्मा दिवस पर रक्तदान कार्यक्रम स्थानीय सांवरिया गार्डन सुठालिया रोड पर संपन्न हुआ

**रिपोर्टर -प्रतिष अग्रवाल**
**पुस्पांजलि टुडे**

**मधुसुदनगढ़-**¬सुठालिया रोड स्थित सवारियां गार्डन में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड द्वारा रक्त दान शिविर लगाया गया। जिसमे 35 लोगों ने अपना रक्त दान किया 7 जिनमे विभाग मंत्री सुरेश जी शर्मा ने अपने बौद्धिक में कहा विश्व हिंदू परिषद हित चिंतक अभियान हिंदू समाज के अंतिम व्यक्ति तक को जोड़ने का अभियान है हिंदू समाज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की तरफ आशाभरी निगाहों से देख रहा है समाज का व्यक्ति संगठन से जुड़ने को बैठा है बस हमारे कार्यकर्ताओं को गांव गांव पहुंचने की आवश्यकता है विभाग सहमंत्री दिलीपसिंह कुशवाह ने कहा हितचिंतक अभियान 6 नवंबर से 20 नवंबर तक चलने वाला ओर कार्यकर्ता गाँव गाँव जाकर हितचिंतक बनायेगे ।




इसी के साथ अपनी ग्राम समिति का गठन भी करना है । जिला अध्यक्ष मुकेश जी शर्मा प्रखंड अभियान प्रमुख सह अभियान प्रमुख बनाये व रक्तदान करने के लिये सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया । बैठक के बाद रक्तदान कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया । बैठक व रक्तदान कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष श्याम सिंह यादव , मंत्री जितेंद्र शर्मा , संयोजक के.पी.यादव, राजकुमार शर्मा अभिषेक , आशीष बैरागी ,कल्पेश शर्मा ,अभिनव साहू , गिरजेश विश्वकर्मा , हरवर्धन सोनी , व समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।

# सेल्समैन द्वारा 6 माह से डाला जा रहा है गरीबों के हक पर डाका

**पत्रकार राकेश परिहार पिछोर**

**पिछोर** अनु विभाग के अंतर्गत ग्राम खुरई में सेल्समैन अजेंद्र कोली सहायक विक्रेता सुनील लोधी द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकान 508100 पर ग्रामीणों के लिए 6 माह से खाद्यान्न प्राप्त नहीं हुआ ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि 6 माह से हम लोगों के लिए किसी भी प्रकार का शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिला और ग्रामीणों द्वारा बताया कि शासन द्वारा महीने में गरीबों के लिए राशन दो बार दिया जा रहा है परंतु सेल्समैन द्वारा महीने में सिर्फ एक बार ही दिया जाता है ग्रामीणों का कहना है कि हमने कई बार शिकायत भी की लेकिन अभी तक हमारी समस्या में कोई सुधार नहीं हुआ और ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक एक सेल्समैन नहीं रहा यहां पर हर बार बदल बदल कर लोग राशन बांटने आते हैं और ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि






दोबारा से शिकायत करने के लिए हम पिछोर एसडीएम ऑफिस पहुंचे तो हमें एसडीएम साहब उपस्थित नहीं मिले लेकिन जब इसकी जानकारी ग्रामीणों ने फूड इंस्पेक्टर को दी तो फूड इंस्पेक्टर द्वारा कहा गया कि राशन 2 महीने का ही मिलेगा लेकिन बाद में फूड स्पेक्टर द्वारा दुकान का निरीक्षण किया गया और वहां पर ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि हमारे लिए राशन दो माह का ही चाहिए इस पर फूड इंस्पेक्टर ने कहा कि राशन एक महीने का ही मिलेगा सुनिए क्या कुछ कहा फूड इंस्पेक्टर जगदीश लोधी द्वारा फूड इंस्पेक्टर जगदीश लोधी द्वारा कहा गया कि अभी ग्रामीणों द्वारा मामला मेरे संज्ञान में आया है मैं जांच करवाता हूं अगर सेल्समैन दोषी पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी

# बसपा का कार्यकर्ता सम्मेलन 2 नवंबर को

**अरुण कुशवाह रिपोटर पुष्पांजली टुडे**




**कोलारस** - बहुजन समाज पार्टी का कोलारस विधानसभा में एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन 2 नवंबर को फुलराज सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा जिसमें कोलारस विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता सहित बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ लोग उपस्थित होंगे जॉन प्रभारी सुआ लाल जाटव जी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमाकांत पिप्पल जी होंगे इस कार्यक्रम में पार्टी विस्तार संगठन मजबूत पर बल दिया जाएगा बसपा कोलारस इकाई ने अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा क्रॉस हुई कायमी एक पक्ष ने लगाई है एसपी के यहां न्याय गुहार



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी पुलिस अधीक्षक कार्यालय से है जहां पर आज मंगल रावत पुत्र श्री सुआ लाल रावत निवासी ग्राम दरौनी पुलिस थाना सिरसौद तह व जिला शिवपुरी म.प्र. आवेदन देने आये जिसने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दिनांक 28.10.2022 को मंगल और परिवार के सदस्यों के के साथ अपने घर पर बैठा हुआ है था तभी रामदास जाटव, धर्मवीर जाटव, सूरज सिंह रावत, मस्तराम रावत, निवासी ग्राम दर्रोनी तह व जिला शिवपुरी एवं बंटी जाटव निवासी ग्राम रातौर द्वारा मंगल और परिवार के सदस्य हरीसिंह रावत, धर्मेन्द्र रावत (रिश्तेदार) व सुआलाल, अतरसिंह रावत, आदि पर लाठी, कुल्हाडी, तलवार, फरसा से जानलेवा हमला बोल दिया जिसमें हमारे उक्त लोगों के सिर फटे है, काफी खून निकला है एवं दो लोगों के हाथ तोड दिया है, और हाथो की उंगुली काट दी व एक व्यक्ति की आंख फोड दी है, जिसमें मंगल और परिवार के सदस्य लोहूलुहान हो गये है, उक्त लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से हमला किया था। इसके बाद मंगल और परिवार के सदस्यों को पुलिस उठाकर जिला चिकित्सालय शिवपुरी लायी जहां पर उनका मेडीकल परीक्षण कराया गया व पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज होकर पुलिस थाने उक्त प्रकरण कायम किया गया है। लेकिन इतना गंभीर प्रकरण व प्राणघातक हमला होने के बाद भी पुलिस थाना सिरसौद द्वारा एफ. आई. आर. में धारा 307 भादवि नहीं लगाई गयी हैं। उसे बढ़वाया जाना आवश्यक है एवं हमारे परिवार के सदस्यों की इतनी मारपीट व जानलेवा हमला हुआ है कि, वह आज भी जिला चिकित्सालय शिवपुरी में मौत से जूझ रहे हैं। आरोपीगणों ने कार्यवाही से बचने के लिये मंगल और परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों के विरूद्ध झूठा व अपने पर चोटों का निशान बनाकर प्रकरण कायम किया गया हैं, जिसमें हरिजन एक्ट व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण संबंधितों से साठगाठ करके बनवाया गया है। जबकि हमारे द्वारा जातिगत शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया इस पूरी घटना का आवेदन कर्ता ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल को बताइ

# राष्ट्र की एकता बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है:- पुलिस अधीक्षक श्री चन्देल

## नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी दौड़ में दौडे युवा

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी द्वारा खेल एवं युवक कल्याण विभाग शिवपुरी व राष्ट्रीय सेवा योजना शिवपुरी के संयुक्त तत्वाधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया।







पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चन्देल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है जब तक सभी लोग मिलजुल कर देश के विकास के बारे में नहीं सोचेंगे तब तक हम न तो विकास कर पाएंगे और न ही हम एक हो पायेंगे। श्री राजेश सिंह चन्देल ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के कारण ही हम आज अखण्ड भारत मे रह रहे है और इसकी अखण्डता व एकता को बनाये रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्री चन्देल ने कहा कि वर्तमान में युवा शक्ति ही देश को आगे ले जा सकती है और युवा शक्ति को चाहिये कि वह अपनी ऊर्जा शक्ति का उपयोग सही दिशा में करके अपने स्वयं के विकास के साथ साथ देश के विकास में सहयोग करें। युवाओं को सही मार्गदर्शन मिले इसके लिये समाज सेवी संस्थाओं के साथ साथ समाज के वरिष्ठ लोगों को भी पहल करना चाहिये। इससे पहले राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत आयोजित रन फॉर यूनिटी दौड़ के शुभारंभ से पहले तात्या टोपे समाधी स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. श्याम सुन्दर खण्डेलवाल, जिला खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी श्री के.के.खरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दिलीप सिंह भूरिया, समाज सेवी श्री गिरीश मिश्रा, नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक एस.एन.जयन्त, कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजेन्द्र विजयवर्गीय आदि ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र एवं अमर शहीद तात्या टोपे की समाधि स्थल पर मालार्पण किया गया।

स्वागत भाषण देते हुए नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम पर्यवेक्षक ने कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के प्रत्येक जिले में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गनिर्देशन में जिला प्रशासन, एनएसएस, प्रदेश के खेल युवक कल्याण विभाग व अन्य खेल संस्थाओं, युवा मण्डलों व महिला मंडलों के सहयोग से 100 रन फोर यूनिटी दौड़ का आयोजन 31 अक्टूबर को किया जा रहा है। राजेन्द्र विजयवर्गीय ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी द्वारा उपनिदेशक श्री एस.एन.जयन्त के संयोजन में व कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गनिर्देशन में खेल युवक कल्याण विभाग व एनएसएस, युवा मण्डलों व ब्लॉक स्तर पर कार्यरत नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों के सहयोग से रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौड़ में नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं खेल युवक कल्याण विभाग के प्रशिक्षकों सहित महाविघालय प्राचार्य श्री महेन्द्र सिंह, रौनक शर्मा आदि ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अन्त में गांधी पार्क में उपस्थित सभी युवाओं को आरआई पुलिस भारत सिंह यादव ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवी श्री गिरीश मिश्रा मामा ने किया।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा मध्यप्रदेश में श्रीमती पूनम राजोरिया नव नियुक्त की गई

**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** एक जानी मानी चर्चित महिला श्रीमती पूनम राजोरिया अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसमें




उनके लिए प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान दिया गया है यह पिछोर क्षेत्र के लिए हर्ष की बात है कि एक बहुमूल्य चर्चित महिला के लिए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में प्रथम स्थान दिया गया है पिछोर क्षेत्र में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा मध्यप्रदेश बनाए जाने पर क्षेत्रवासियों में एवं नगर वासियों ने हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं पिछोर क्षेत्र की जनता एवं नगर वासियों के लिए है हर्ष की बात है

# उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व

### छठ माता की कृपा जिस पर हो वो कभी दुःख में नही रहते है - अनिल शाही

**पुष्पांजली टुडे -आनन्द शाही**

**गोपालगंज,** भोरे-सिसई बाजार-चार दिन तक वाला छठ महापर्व का आज उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। देश के विभिन्न राज्य जैसे उत्तर प्रदेश (Uttar Pradesh), बिहार, पटना (Patna), झारखंड, दिल्ली, मुंबई (Mumbai) समेत अन्य राज्यों से उगते सूरज को अर्घ्य देने की तस्वीरें सामने आ रही हैं। आपको बता दें कि छठ पूजा की शुरुआत शुक्रवार यानी 28 अक्टूबर से हो गई थी। आज छठ पूजा का चौथा दिन यानी इसके समापन का दिन है।



### क्यों उगते सूरज को अर्घ्य देकर किया जाता है समापन?

आपको बता दें कि छठ का पूजा आस्था का प्रतीक है। इसको लेकर ऐसी मान्यता है कि उगते सूर्य देव की पूजा करने से तेज, आरोग्यता और आत्मविशवास की प्राप्ति होती है। दरअसल, ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक सूर्य ग्रह को पिता, पूर्वज, सम्मान का कारक माना जाता है। इतना ही नहीं साथ ही छठी माता की अराधना से संतान और सुखी जीवन की प्राप्ति होती है।

### नहाय खाय से समापन तक

गौरतलब है कि छठ पूजा की शुरुआत नहाय खाय की परंपरा से होती है। उसके बाद खरना का भी विशेष महत्व होता है। इस बार का खरना भी काफी शुभ समय पर पड़ा था। खरना के बाद संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उषा अर्घ्य दिया जाता है। इससे ही छठ के पर्व का समापन होता है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह पर्व पवित्रता का प्रतीक है। आपको जानकर बेहद हैरानी होगी कि 4 दिनों तक चलने वाले इस छठ पूजा में किसी पंडित की भी जरूरत नहीं पड़ती है।

### बिहार गोपालगंज जिले के नयागांव शाही परिवार धूम धाम से मनाता है छठ जैसी महापर्व

यह महापर्व धूमधाम से कई बर्षो से माधुरी शाही,अनिल शाही,पूनम शाही,डॉ जय प्रकाश शाही,सरिता शाही,भुवन भास्कर शाही,निधि शाही,रविभास्कर शाही,रंजना शाही,डॉ आनन्द शाही,शिम्पी शाही,पवन शाही,अन्नू शाही,बिजय शाही,शिवम शाही,राजा शाही,राजनंदनी शाही,पंकज शाही,प्रेम प्रकाश शाही मनाते आ रहे है ।



## बैसली बांध अधिग्रहण करने पार्षद ने सौंपा जल संसाधन मंत्री को ज्ञापन

**मोनू बाथम, पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** -गोहद नगर एक एतिहासिक नगर है, यहां यूनेस्को द्वारा संरक्षित किला है जिसे गोहद के जाट राजाओं ने बनवाया था, किले पास ही तत्कालीन सिंधिया राजपरिवार ने गोहद क्षेत्र की सिंचाई एवम् पेयजल आपूर्ति के लिए नगर के समीप ही बांध का निर्माण कराया था लेकिन कैचमेंट एरिया में बांध की जमीन न होने से स्टोरेज पानी को असमय निकालना पड़ता है अगर शासन कैचमेंट एरिया की जमीन को अधिग्रहित करले तो सिंचाई एवम् पेयजल के लिए बांध में पर्याप्त पानी स्टोरेज क्षमता है इसलिए आपसे अनुरोध है कि जनहित के लिए बांध के कैचमेंट एरिया (डूब क्षेत्र) की जमीन को अधिग्रहित कर सिंचाई एवम् पेयजल की समस्या को दूर किया जा सकता है पानी की समस्या न रहे इसके लिए जल संसाधन विभाग के केबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के दौरान पार्षद शेलेन्द्र गुर्जर,एवं साबू खान, जितेंद्र प्रजापति,अनुराग शुक्ला पार्षद प्रतिनिधि मोजूद रहे

## आदरणीय सरदार पटेल जी की जयंती के शुभ अवसर पर रन फॉर यूनिटी दौड़ प्रतियोगिता 1500 मीटर



**अंबेडकरनगर** जलालपुर विधानसभा मालीपुर थाना क्षेत्र के क्षेत्र पंचायत मालीपुर मोतीलाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश के प्रांगण में 31.10.2022आज 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से मौजूद रहती है मालीपुर ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान आदरणीय माया यादव जी प्रधान पति श्री चंद्रशेखर यादव जी मोती लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल आदरणीय श्री ओझा सर जी मालीपुर ग्राम पंचायत के वीडियो आदरणीय देवेंद्र मिश्रा जी डॉक्टर दूधनाथ यादव जी ग्राम सभा के समस्त सम्मानित लोगों की मौजूदगी में और मालीपुर थाना से कुछ सम्मानित और योग्य सर भी मौजूद रहे के तत्वाधान में मालीपुर के प्रांगण में दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया और बच्चों को मेडल से सम्मानित भी किया गया

### खाद की समस्या को लेकर आजाद समाज पार्टी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मोनू बाथम, पुष्पांजली टुडे**

**गोहद**-गोहद विधानसभा क्षेत्र में फैली खाद समस्या को लेकर आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल नागर ने एसडीएम शुभम शर्मा को ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि मार्केटिंग सोसायटी के द्वारा किसानों को सही मात्रा में खाद दिया जाए, किसानों को अगर समस्या होती है तो तुरंत सुनवाई करें, मालनपुर औधोगिक विकास और इंडस्ट्री एरिया में युवाओं को रोजगार दिया जाना चाहिए जिससे युवाओं का गुज़ारा हो सके, फ्लेक्स फैक्ट्री से जिन मजदूरों को निकाला गया है उनको वापस लिया जाए इन सभी मांगों को लेकर एसडीएम शुभम शर्मा को ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्य रूप से कमल नागर,आशीष जाटव,शिवा पंडित, आदित्य कनेरिया,भोला जाटव,संदीप सोनी,प्रदीप,आदर्श कौशल, निक्की आदि लोग शामिल थे



## संत आशारामजी आश्रम ट्रस्ट द्वारा दीपावली पर्व के निमित्त वृद्धाश्रम में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरु-** सिलिकान सिटी-बेंगलुरु के बनशंकरी में स्थित संत आशारामजी आश्रम ट्रस्ट, बेंगलुरु द्वारा श्री राघवेन्द्र सेवा वृद्धाश्रम, मालुर रोड, कोलार में दीपावली पर्व के निमित्त वृद्धजनों के लिए दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आश्रम द्वारा अवगत कराया गया की उनके पूज्य गुरुदेव संत आशारामजी बापू से मिलें संस्कारों से प्रेरित होकर उनके साधक, समाजरूपी देवता की सेवा का एक भी मौका चूकते नहीं हैं। जहां लोग अपने घरों में दीपावली मनाते है, वहीं प्रतिवर्ष आशारामजी बापू के साधक जरूरतमंद क्षेत्रों में जाकर, उनकी दीपावली भी अच्छी बनें इसलिए आवश्यक सामग्री के वितरण कार्यक्रम करते हैं। पिछले 50+ सालों से अनवरत आज भी उनकी यह संत आसारामजी आश्रम ट्रस्ट देश-समाज और संस्कृति के उत्थान का कार्य कर रही है। भारत की राष्ट्रीय एकता-अखंडता और विश्व शांति के लिए संत आशारामजी बापू ने राष्ट्र के कल्याणार्थ अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्हीं की प्रेरणा से हर साल दीपावली पर देशभर में जगह-जगह पर अनगिनत सेवाकार्यों की फुलझड़ियाँ लगाई जाती हैं। भगवन्नाम संकीर्तन यात्राओं के साथ वृद्धाश्रमों, अनाथालयों व अस्पतालों में निःशुल्क औषधि, फल व मिठाई वितरित की जाती है। हजारों जरूरतमंद के लिए विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें मिठाई, कपड़े, खजूर, कम्बल, अनाज, चप्पल आदि सामग्री के साथ दक्षिणा इत्यादि दी जाती हैं।प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संत आशारामजी बापू आश्रम ट्रस्ट, बेंगलुरु द्वारा दीपावली निमित्त श्री राघवेन्द्र सेवा वृद्धाश्रम, ग्राम- गंगापुर, पोस्ट- यशवंतपुरा, मालुर रोड, कोलार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिनमें वहां के वृद्धजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये, उन्हें ट्रस्ट के स्वयंसेवकों द्वारा जीवनोपयोगी कुंजियाँ भी बताई गई, कार्यक्रम के अंत में वृद्धजनों में भोजन- प्रसादी तथा उनकी संस्था (वृद्धाश्रम) में ट्रस्ट की तरफ़ से राशनकिट, जीवनोपयोगी सामग्री आदि का वितरण किया गया।



## स्वभिमान और परमार्थ के प्रेरक थे स्व.ठा.मुन्ना सिंह तोमर श्री ठाकुर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर को आतंक से भयमुक्त करने वाले स्व मुन्ना सिंह तोमर जी की 27 वींङ्पुण्यतिथि वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में सेवड़ा सनकुआ धाम पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें साधु संतों को फल वितरण एवं आत्मा की शांति हेतु भूपेंद्र शास्त्री द्वारा पाठ किया गया इस अवसर पर श्यामू ठाकुर ने कहा की 26 वर्ष पूर्व हमारे स्वाभिमान और सम्मान को दुष्टों के षडयंत्र,धोखे और कुटिलता के शिकार हुए चंबल के स्वाभिमान आदरणीय ठाकुर मुन्ना सिंह तोमर को हजारों गरीबों,वंचितों की और से अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं स्वर्गीय ठाकुर स्वाभिमान व परामर्श के पेर्रक थे ।दशकों तक ग्वालियर जहाँ भय और आतंक व्याप्त था लोग अपराधियो के आतंक से त्रस्त थे ,तभी लोगों के एक मसीहा वरदान स्वरूप ठिकाना पुरावस दिमनी में ज़मीदार क्षत्रिय परिवार में जन्म स्व मुन्ना सिंह तोमर का हुआ ।जब ग्वालियर आये तब चारों तरफ़ गुंडो और अपराधियों ने अराजकता ,भय फैला रखा था।यह अन्याय अत्याचार एक स्वभिमानी क्षत्रिय को बर्दाश्त नहीं हुआ और अन्यायियों, अत्याचारियों के विरुद्ध झंडा बुलंद किया। माहौल ऐसा हो गया था कि व्यापारी, कर्मचारी, गरीबों को टैक्स देना पड़ता था, किसी ने घर बनाने के लिये जमीन खरीदकर भवन निर्माण करना चाहा क्षेत्रीय गुंडे कब्जा जमा लेते थे, घर किसी का बन रहा हो छत गुंडो द्वारा डाला जाता था।

सभी के लिये न्याय का केन्द्र बना तोमर बिल्डिंग जहाँ से कोई खाली हाथ नहीं जाता था। मुन्ना सिंह तोमर न्याय का प्रतीक बन चुके थे। निःस्वार्थ सेवा को अपना जीवन समर्पित करने वाले मुन्ना सिंह जी के विरुद्ध षडयंत्र रचे जाने लगे सामना करने की किसी की हिम्मत नहीं थी परन्तु वीर, बहादुर मुन्ना सिंह तोमर जी को छल से हमसे छीन लिया।

अत्यधिक बहादुरी,दयालुता के प्रतीक स्व ठाकुर मुन्ना सिंह तोमर जी ने किसी को खाली हाथ नहीं लौटाया , उन्होंने लोगों स्वभिमान से जीना सिखाया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जन हिमांशु सोनी राहुल चौरसिया विपिन बाथम निर्वेद सविता रौनक सोनी राम सिया जाटव रघुवीर प्रजापति जय दयाल बाथम सुनील राठौर सुनील गुप्ता सहित कई गणमान्य जन एवं समाज सेवी उपस्थित रहे।

## योजनाओं में जो अधिकारी लापरवाही करेगा उस पर सरकार कड़ी कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी- तुलसीराम सिलावट

### मुख्यमंत्री जन सेवा कार्यक्रम के तहत शहरी आवास हितग्राहियों से मंत्रियों ने किया संवाद

**मोनू बाथम, पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** मुख्यमंत्री जन सेवा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से संवाद के अंतर्गत आज गोहद के वार्ड क्रमांक 17 माता का पुरा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के जल संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग के मंत्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार) नर्मदा घाटी विकास राज्यमंत्री भारत सिंह कुशवाह तथा नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया ने गोहद नगर पालिका क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का निरीक्षण कर, हितग्राहियों से संवाद किया। इस दौरान मंच से हितग्राहियों को संबोधित करते हुए तुलसीराम सिलावट ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में बटवारा, नामांकन, सीमांकन सून्य कर नगर पालिका क्षेत्र में जिस प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उसी प्रकार बंटवारा, नामांकन, सीमांकन आदि में कीर्तिमान स्थापित करें उन्होंने मंच से कलेक्टर सतीश कुमार एस की तारीफ करते हुए कहा कि आप बहुत अच्छे कलेक्टर हैं आप हमेशा शासन की योजनाओं को पूर्ण कराने में तत्पर रहते हैं आप भी आयुष्मान योजना, बटवारा, नामांकन, सीमांकन जैसी शासन द्वारा चलाई जा रही सभी पेंडिंग पड़ी योजनाओं को शून्य कराएं। मंच को भारत सिंह कुशवाह, ओ पी एस भदौरिया, संत रविदास हथकरघा विकास निगम के अध्यक्ष रणवीर सिंह जाटव, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, इस दौरान भिण्ड-दतिया क्षेत्र की सांसद संध्या राय, पाठ्य पुस्तक विकास निगम के अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम के अध्यक्ष रणवीर जाटव, सांसद संध्या राय, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया आदि ने संबोधित किया। मंच का संचालन महेश श्रीवास्तव ने किया। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल किशोर, एसडीएम शुभम शर्मा, एसडीओपी आरकेएस राठौर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश कुमार दुबे, जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश शाक्य, गोहद चौराहा थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा सहित समस्त विभागों के विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राही एवं शहरी जन उपस्थित रहे।



## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि।

### मनाई गई सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती।

**मोनू बाथम, पुष्पांजली टुडे**



**गोहद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोहद द्वारा भारत की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल जयंती की जयंती के उपलक्ष में उनके छाया चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डाक बंगला तिराहा विधायक बंगले पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष ने भारत रत्न इंदिरा गांधी एवं लोह पुरुष वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। जयंती के इस अवसर पर मुख्य रुप से गोहद ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर, गणेशराम शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर, ओमप्रकाश माहौर, बॉबी जर्मन, महेश कौशल, लालबहादुर जादौन, राजू गुर्जर, कैलाश माहौर, रामहेत जाटव, प्रमोद शुक्ला, राधाकृष्ण दिक्षित, गुट्टी शर्मा, कैलाश जाटव, रामवेटी जाटव, सोनू भटनागर, जयकांत करारिया, अजीत शर्मा बबलू बरैया आदि उपस्थित रहे।

# लौह पुरुष की जयंती के अवसर पर लांजी में रन फ़ॉर यूनिटी का आयोजन

### एसडीओपी दुर्गेश आर्मो ने व्हिसल बजाकर मिनी मैराथन दौड़ का किया आगाज

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

सरदार वल्लभभाई पटेल (लौह पुरुष) की जयंती पर पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने मे जिनकी अहम भूमिका रही,उनकी जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन लांजी स्थित रानी अवंती बाई मिनी स्टेडियम में किया गया।

हिंदुस्तान को आजादी मिलने के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल की पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र मे पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका रही यही कारण है कि वल्लभ भाई पटेल की जयंती को देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर विकासखंड लांजी मे खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग लांजी द्वारा संयुक्त रूप से रन फॉर यूनिटी पर मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन वीरांगना रानी अवंती बाई खेल मिनी स्टेडियम मे किया गया जिसमें सर्वप्रथम (लौह पुरुष) जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई और कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई एवं युवाओं को संबोधित करते हुए एसडीओपी दुर्गेश आर्मो के द्वारा सरदार पटेल की जीवनी एवं उनके द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों के बारे में एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के खिलाफ जंग के बारे बताया गया उसके पश्चात लांजी मिनी स्टेडियम से एसडीओपी महोदय के द्वारा व्हिसल बजा कर मिनी मैराथन दौड़ की शुरुआत की गई जिसमें लांजी मिनी स्टेडियम से बकरामुंडी चेक पोस्ट पहुंचकर वापस मिनी स्टेडियम मे आकर समाप्त हुई जिसमें लगभग 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें बालक वर्ग मे आकाश घोरमारे (प्रथम) भोजराज मात्रे (द्वितीय) एवं देवेंद्र गोदूले (तृतीय) स्थान प्राप्त किया उसी प्रकार बालिका वर्ग मे शशिकला भटेरे (प्रथम) भारती लहरोनीया (द्वितीय) काजल मुरकुटे (तृतीय) स्थान प्राप्त किया जिन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर थाना लांजी एसडीओपी दुर्गेश आर्मो, थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी, एएसआई जग्गू वाघाडे,खेल एवं युवा कल्याण विभाग ब्लॉक समन्वयक प्रज्ञात वासनिक, संदीप रामटेककर नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं दीपांकर भार्गव पूर्व एनवाईवी नेहरू युवा केंद्र, पुलिस टीम से नरेंद्र सोनवे, सुजीत पाल, अभिषेक मालवीय, विजय हरदिया, विद्यासागर, राज यादव एवं समस्त पुलिस कर्मी, विनोद मुरकुटे (आजाद युवा मंडल) ,पवन कश्यप (पत्रकार) व लांजी के गणमान्य नागरिक एवं युवाओं का सहयोग रहा।



# ऊर्जा मंत्री बोले, शहरवासियों को जल्द मिलेगा स्वच्छ पानी, मैं खुद मॉनिटरिंग कर रहा हूं





## उर्जा मंत्री श्री तोमर ने किया जलालपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

ग्वालियर दिनांक 31 अक्टूबर 2022- शहर के नागरिकों को पर्याप्त, स्वच्छ व शुद्व पानी मिले और जहां भी मटमैले पानी आने की समस्या हो उसका तत्काल निराकरण किया जाएगा। इसके लिए मैं स्वयं मॉनीटरिंग करुंगा और एक टीम भी क्षेत्र में घूमकर पानी के सैम्पल लेगी। उक्ताशय के निर्देश उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज सोमवार को जलालपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियो से पानी सप्लाई की प्रकिया को जाना और संबंधित अधिकारियों से कहा कि निरंतर मॉनीटरिंग करें और पानी का जो पीलापन है उसे दूर करें जिससे नागरिकों का साफ पानी शीघ्र मिले।

उर्जा मंत्री श्री तोमर ने जलालपुर स्थित 160 एमएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर जलप्रदाय की प्रक्रिया को देखा और संबंधित अधिकारियों से पानी के पीले व मटमैले रंग को लेकर जानकारी ली जिसमें अधिकारियों द्वारा बताया गया कि पानी में मिटटी के कण कुछ अधिक हैं और कोई गंदगी नहीं है तथा शीघ्र ही इस समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, पार्षद श्री महेंद्र आर्य, श्री विवेक त्रिपाठी, श्री देवेंद्र राठौर, श्री शिव सिंह यादव, जनप्रतिनिधी श्री गुड्डू रत्नाकर, श्री हरीबाबू शिवहरे, पूर्व पार्षद श्री सुरेंद्र चैहान एवं श्री रामअवतार बैस सहित कार्यपालन यंत्री श्री जागेश श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

# मोरा पिया मोसे बोलत नाही....मेरे सपनों की रानी कब आएगी..

## शास्त्रीय नृत्य और वेस्टर्न म्यूजिक का फ्यूजन

### उद्भव उत्सव के तीसरे दिन आयोजित की गई एकल शास्त्रीय नृत्य और इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक की प्रतियोगिता

ग्वालियर। मोरा पिया मोसे बोलत नाहीं... मैं तो श्याम की दीवानी ..... जैसे बोल के साथ युवतियों ने एकल शास्त्रीय नृत्य के जरिए अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सोचने पर मजबूर कर दिया तो वहीं दूसरी ओर बाल संगीतकारों ने इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक के माध्यम से मेरा जूता है जापानी...मेरे सपनों की रानी ... और ये मेरा दिल प्यार का दीवाना की धुन बजाकर लोगों को जमकर थिरकाया। ग्रीनवुड उद्भव उत्सव के तीसरे दिन सिंधिया कन्या विद्यालय के सभागार में एकल शास्त्रीय नृत्य और इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। जहां शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ ही म्यूजिक का फ्यूजन देखेने को मिला।

### शास्त्रीय नृत्य ने मोहा मन

तीन आयु वर्ग के लिए दो श्रेणी में रखी गई इस प्रतियोगिता में 40युवतियों ने अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने भरतनाट्यम, कुचिपु?ी, कथक, मोहिनी अट्टम, ओडिसी और सत्रिया नृत्य के जरिए वैष्णव, शैव और प्रकृति के विषय का बेहद खूबसूरत तरीके से प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महुआ शंकर, वानी माधव एवं कविता एस पिल्लई ने विजयी प्रतियोगियों का चयन किया।

### इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक की धूम

म्यूजिक प्रतियोगिता में पॉच स्कूलों ने बैंड का प्रदर्शन किया। ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पंजाबी वेशभूषा में सजधज कर शानदार प्रस्तुति दी।










भोपाल के बिल्ला बॉग स्कूल के विद्यार्थियों ने धमाकेदार प्रस्तुति से सभी को रोमांचित कर दिया। संस्कृति द गुरुकुल गुवाहाटी के विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन बैंड बजाया। निर्णायक के रूप में योगेश शर्मा, जगत नारायण शर्मा एवं चेतन जोशी मौजूद थे।

### कला का समंदर है ग्वालियर

भारत विविधता में एकता का देश है। यहां अनेक संस्कृतियां है लेकिन ग्वालियर सदियों से कला का समंदर रहा है। संगीत के क्षेत्र में देश में सबसे पुराना ग्वालियर घराना है। यहां की पावन धरा पर प्रस्तुति देने वाला प्रत्येक कलाकार अपने को धन्य महसूस करता है लेकिन मैं दर्शक होने के बावजूद गीत, संगीत और नृत्य की जुगलबंदी देख अभिभूत हूँ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी राजेश डंडौतिया ने कही। संस्था के अध्यक्ष डॉ. केशव पाण्डेय, सचिव दीपक तोमर व ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल की निदेशक श्रीमती किरण भदौरिया ने मुख्यअतिथि का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिंह भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन मनीषा जैन ने किया। सुरेंद्र कुशवाह, जगदीश गुप्त, रामचरण चिडार, आलोक द्विवेदी, शरद पाराशर, अमर सिंह परिहार एवं मोनू राणा का विशेष योगदान रहा।

### उत्सव में आज

उद्भव उत्सव के चौथे दिन मंगलवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में प्रातः 10 बजे से और शाम को पॉच बजे आदित्य पुरम स्थित ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## केंद्रीय विद्यालय संगठन की राष्ट्रीय बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता बालिका वर्ग की सभी टीमें पहुंची ग्वालियर आज होगा प्रतियोगिता का शुभारंभ



ग्वालियर। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में रात्रि तक भारत के विभिन्न राज्यों के 23 संभागों की सभी 38 टीमें पहुंच चुकी है । सायंकाल माननीय प्राचार्य श्री गौरव कुमार द्विवेदी ने समस्त अनुरक्षक शिक्षकों की बैठक आयोजित की । विद्यालय के समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।श्री गौरव कुमार द्विवेदी ने समस्त बालिका प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनका हालचाल जाना । अनुरक्षक शिक्षकों के अलावा विद्यालय में पचमढ़ी एवं मुंगावली से आए निरीक्षक दल के सदस्य ने भी विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता के आगामी लीग मैच केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के बास्केटबॉल ग्राउंड एवं जीवाजी विश्वविद्यालय के दो बास्केटबॉल खेल मैदान में संचालित होंगे । विद्यालय के स्पोर्ट्स प्रभारी श्री अजय कुमार बघेल एवं श्री शंकर बहादुर के नेतृत्व में दोनों खेल मैदानों को खेल प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार किया जा चुका है। आज 1 नवंबर 2022 को प्रातः काल 9ः00 बजे केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के उपायुक्त श्री सोमित श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन समारोह आयोजित होगा । विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री सतपाल सिंह चौहान डिप्टी कमिश्नर स्पोर्ट्स, नगर निगम, ग्वालियर मौजूद रहेंगे ।

# खुदी रोडों की शिकायत पर बरसे मंत्री तोमर

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने समस्त रोडों का रेस्टोरेशन दो माह में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए



ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड 10 की विभिन्न गलियों में साफ सफाई, सीवर, पेयजल एवं रो?ों को लेकर पैदल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय निवासियों द्वारा ऊर्जा मंत्री श्री तोमर को अमृत योजना के तहत डाली गई पेयजल एवं सीवर लाइनों के कारण खुदी रो?ों की शिकायत करने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपनगर ग्वालियर की रोडों का रेस्टोरेशन दो माह में पूर्ण करने के निर्देश पंचनामा भरवाकर दिये।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम अपर आयुक्त अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम प्रदीप तोमर, सीएसपी मालवीय, अधीक्षण यंत्री जागेश श्रीवास्तव सहित निगम के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 10 की गोयल मौहल्ला, काशी नरेश की गली, तामेश्वर महादेव, सुनारगली सहित अन्य गलियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि पिछले दो वर्ष से अमृत योजना के तहत रोडों को पेयजल एवं सीवर लाइन डालने के लिये खोदा गया परंतु आज दिनांक तक उनका रेस्टोरेशन नहीं किया गया। जिस पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा भरवाकर सभी के हस्ताक्षर कराकर निर्देशित किया कि 30 जनवरी 2022 तक अगर उपनगर ग्वालियर की सभी रोडों का रेस्टोरेशन नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतिदिन वार्डो से कचरा उठाया जाए

निरीक्षण के दौरान विभिन्न गलियों में गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि प्रतिदिन वार्डों से कचरा उठाया जाए। साथ ही जहां जहां कचरे ठिये है उनको समाप्त कर सुंदर बनाया जाए। इसके साथ ही कई जगह सीवर लाइन व नाली जीर्णशीर्ण स्थिति में मिलने पर नाराजगी व्यक्त की तथा नालियों एवं सीवर चेम्बरों को बनाये जाने के लिये निर्देशित किया।

## संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रीय एकता दिवस

### संभाग आयुक्त ने दिलाई देश की एकता व अखण्डता की शपथ




ग्वालियर। भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री स्व. सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती ग्वालियर जिले में भी ÷राष्ट्रीय एकता दिवस÷ के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने नवीन राजस्व भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाई। इसी तरह कलेक्ट्रेट में भी शासकीय सेवकों ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली। संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता से संभव हुई राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने, एकता की भावना को देशवासियों में प्रसारित करने और आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने में सत्यनिष्ठा से योगदान देने के लिए संकल्पित कराया।

### 8 हजार रुपए के लिए जिगरी दोस्त की हत्या

**खाना खा रहे निगमकर्मी को बुलाकर गोली मारी**

ग्वालियर। ग्वालियर में एक युवक ने 8 हजार रुपयों की खातिर जिगरी दोस्त का मर्डर कर दिया। आरोपी ने खाना खाते समय युवक को बात करने के बहाने से बाहर बुलाया। इसके बाद उसे गोली मार दी। मृतक क्लर्क था। वारदात गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के पिंटो पार्क स्थित शिव कॉलोनी में हुई। यहां रहने वाला विकास यादव (25) नगर निगम में क्लर्क था। रविवार रात करीब 11:30 बजे वह पत्नी अलका के साथ खाना खा रहा था। विकास का मोबाइल बार-बार बज रहा था, लेकिन वह फोन रिसीव नहीं कर रहा था। पत्नी के कहने पर उसने कॉल रिसीव किया। कॉल विकास के दोस्त मंतोष उर्फ बृजेश झा का था। फोन पर ही दोनों के बीच बहस होने लगी। मंतोष ने उसे बाहर बुलाकर बात करने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। मंतोष ने कहा- जरूरी बात करनी है। उसके बार-बार कहने पर वह घर के बाहर निकला। पति के पीछे पत्नी भी बाहर आ गई। विकास के पास आते ही दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान मंतोष ने कट्टा निकालकर फायर कर दिया। इसके बाद वह फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक विकास और मंतोष जिगरी दोस्त थे। अधिकांश समय साथ रहते थे। कुछ महीने पहले विकास ने मंतोष से सा? आठ हजार रुपए उधार लिए। कई बार मांगने के बाद भी वह मंतोष को पैसे नहीं लौटा रहा था। रुपयों को लेकर दोनों के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका था।

### भैंस बांधने पर चली गोलियां

**गांव के दो गुटों में झग?ा, लाठी-डंडे, पत्थर फेंके, चलीं गोलियां, 4 घायल**

ग्वालियर। ग्वालियर में सरकारी जमीन पर भैंस बाधने को लेकर दो गुटों में हुई मारपीट और फायरिंग का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि दोनों ही गुटों के लोग एक-दूसरे पर पथराव कर रहे हैं। साथ ही लाठी-डंडों से मारपीट कर रहे हैं। झग? में एक पक्ष लाइसेंसी राइफल से फायरिंग करते भी नजर आ रहा है। सोमवार को वीडियो जैसे ही पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में आया है, पुलिस ने एक्शन लेते हुए दोनों ही गुटों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। झग? में तीन से चार लोग घायल होने की भी खबर है। ग्वालियर में सरकारी जमीन पर भैंस बांधने के विवाद में लाठी-डंडों के साथ पथराव हुआ। इस दौरान एक युवक लायसेंसी बंदूक निकाल लाया और फायर कर दिया। युवक द्वारा किए गए गया फायर से किसी को नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस ने लायसेंसी बंदूक को जब्त कर लिया है।ग्वालियर में सरकारी जमीन पर भैंस बांधने के विवाद में लाठी-डंडों के साथ पथराव हुआ। इस दौरान एक युवक लायसेंसी बंदूक निकाल लाया और फायर कर दिया। युवक द्वारा किए गए गया फायर से किसी को नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस ने लायसेंसी बंदूक को जब्त कर लिया है। ग्वालियर के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र में रहने वाले वासुदेव ने थाना पहुंचकर पुलिस को शिकायत कर बताया है कि सुबह 5ः30 बजे उसके घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर पड़ोस में रहने वाला भूरा उर्फ लोकेन्द्र गुर्जर व कल्ली उर्फ योगेंद्र गुर्जर भैंस बांधकर चला गया। जिस पर वासुदेव गुर्जर ने विरोध किया तो कल्ली और भूरा उसके साथ गाली गलौज कर पथराव करने पर अमादा हो गए। इसके बाद लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। वासुदेव को बचाने उनका भाई महावीर आया तो उसके साथ भी मारपीट की। इतना ही नहीं योगेंद्र गुर्जर ने अपनी 315 बोर की लाइसेंसी बंदूक से दो बार फायरिंग भी की। झग? में वासुदेव की तरफ से भी पथराव, लाठी-डंडे चले हैं। प?ोस में रहने वाले किसी व्यक्ति ने दोनों पक्ष में हो रहे झग? का वीडियो शूट कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। झग? में तीन से चार लोग घायल हुए हैं। वायरल वीडियो जैसे ही पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में आया पुलिस ने तत्काल वीडियो के आधार पर दोनों ही पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने लाइसेंसी हथियार से फायरिंग करने वाले एक पक्ष हथियार को भी जब्त कर लिया है।

### खरीफ उपार्जन के दौरान अच्छी गुणवत्ता का अनाज ही खरीदा जाएः पिथोड़े

**ग्वालियर एवं चंबल संभाग में खरीफ फसल के उपार्जन की हुई समीक्षा**

ग्वालियर एवं चंबल संभाग में खरीफ फसल के उपार्जन की समीक्षा की गई। नागरिक आपूर्ति निगम के एमडी तरूण पिथो? ने निर्देश दिए कि अनाज के उपार्जन का कार्य पूरी सावधानी से किया जाए। इसमें बिल्कुल भी खराब अनाज की खरीदी नहीं की जाए। यदि खराब अनाज की खरीदी की गई तो उसे नहीं लिया जायेगा। समीक्षा बैठक में नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक तरूण पिथो?, मार्कफेड के प्रबंध संचालक आलोक कुमार सिंह, संभागीय आयुक्त दीपक सिंह, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक पी एस तिवारी, दोनों संभागों के कलेक्टर, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा उपार्जन से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने से होता जग कल्याण : पं.घनश्याम शास्त्री



ग्वालियर। सोलंकी धर्मशाला हेदरगंज में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री महाराज ने कहा कि राजा परीक्षित गंगा के तट पर पहुंचे। वहां जितने भी संत महात्मा थे। सब से पूछा कि जिसकी मृत्यु सातवें दिन है। उस जीव को क्या करना चाहिए। किसी ने कहा गंगा में स्नान करो, किसी ने कहा गंगा तट पर आ गए हो, इससे अच्छा क्या होगा। सब अलग-अलग उपाय बता रहे हैं। तभी वहां भगवान सुखदेव महाराज पधारे। जब राजा परीक्षित भगवान सुखदेव महाराज के सामने पहुंचे तो उनको राजा ने प्रणाम किया। प्रणाम करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

सुखदेव महाराज सबसे ब? बैरागी, वह चू?ामणि है। राजा परीक्षित ने प्रश्न किया कि हे गुरुदेव जो व्यक्ति सातवें दिन मरने वाला हो उस व्यक्ति को क्या करना चाहिए। किसका स्मरण करना चाहिए। किस का परित्याग चाहिए। कृपया कर मुझे बताएं। अब सुखदेव महाराज मुस्कुराते हुए परिक्षित से कहा हे राजन यह प्रश्न केवल आपके कल्याण का ही नहीं अपितु संसार के कल्याण का प्रश्न है। हे राजन जिस व्यक्ति की मृत्यु सातवें दिन है। उसको मद भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। आचार्य पंडित घनश्याम शास्त्री ने बताया श्रीमद् भागवत कथा में 18000 श्लोक 12 स्कंद और 335 अध्याय हैं श्री महाराज जी ने कहा कि भगवान का नाम संकीर्तन ही हमें कष्टों और पापों से बचा सकता है।उन्होंने कहा कि जब हमें भगवान की याद आती है तो वो सब से बड़ी संपति है अगर याद न आए भूल जाते है तो वो सब से बड़ी विपत्ति है। इस मौके पर परीक्षित श्रीमती कमला शिवनाथ चौहान (शिव बर्तन हाउस) जिला मंत्री गिरजा गर्ग जी ने भागवत भगवान जी की आरती उतारी ।

## गुणों से ही जीवन में निर्मलता, सज्जनता व विनम्रता आती हैः ब्रह्मचारी अंशु भैया

**1 से 8 नबंबर तक सिध्दचक्र महामंडल विधान, विश्वशांति महायज्ञ, रथयात्रा कार्यक्रम आयोजित होगा**

ग्वालियर। धर्म बाजार में नहीं बिकता बल्कि वह तो स्वयं की आत्मा में मौजूद है। अपने सद्गुणों की वृद्धि ही वास्तविक धर्म है क्योंकि गुणों से ही जीवन में निर्मलता, सज्जनता व विनम्रता उत्पन्ना होती है।चिरकाल से अपनी आत्मा कषायों की ज्वाला में धधक रही है। इसी कारण प्राणी दुखी, परेशान अशांत व तनावग्रस्त रहता है। यह बात बाल ब्रह्मचारी अंशु भैया ने आज उपग्वालियर लोहामंडी स्थित श्री लाला गोकुलचंद जैन मंदिर समिति की ओर से आठ दिवसीय सिध्दचक्र मंडल विधान के कलश शोभायात्रा के शुभारंभ पर मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। ब्रह्मचारी अंशु भैया ने कहा कि जब जीवन में गुण विकसित होते हैं तो बुराईयां स्वतः ही मिटने लगती हैं। जब पापों से व्यक्ति बचता है, तभी वह पुण्य का अनुभव कर पाता है। जब तक पाप कार्यों की मनोवृत्ति में परिवर्तन नहीं आयेगा, तब तक जीवन में वास्तविक आनंद असंभव है। गुणों की अभिवृद्धि से ही परिवार में सद्भावना, समाज में भाई-चारा, राष्ट्र के प्रति एकता व अखंडता की भावना विकसित हो सकेगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष पदमचंद जैन, मंत्री देवेंद्र जैन, नवरंग जैन, मनीष जैन, आलोक जैन, राजुल जैन, आदि मौजूद थे।

**गाजे बाजे के साथ निकली मंगल कलश शोभायात्रा**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि विधान के पहले दिन सुबह गाजे बाजे के साथ भव्य मंगल कलश शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। यह मंगल कलश शोभायात्रा श्रीमान अशोक जैन नितिन जैन परिवार के द्वारा देवेंद्र वीरेंद्र जैन के निजनिवास गुदड़ी मोहल्ले से शुरू हुई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478